आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी 09:24 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 जून 2025
वर्ष 3, अंक 316, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान 14

जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह 12

## चार आईआईटी और तीन आईआईएम डिफॉल्टर

- एंटी-रैगिंग मानदंडों का पालन न करने पर यूजीसी सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रैगिंग रोधी मानदंडों का पालन नहीं करने के कारण 'डिफॉल्टर' सूची में रखे गए हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों ने बताया कि देशभर के 89 संस्थानों को एंटी-रैगिंग मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन का शपथ पत्र जमा न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। डिफॉल्टर सूची में आईआईटी, आईआईएम, एम्स और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) सहित 17 संस्थान शामिल हैं। डिफॉल्टर आईआईटी में बंबई, खड़गपुर, पलक्कड़ और हैदराबाद हैं। आईआईएम में बंबई, रोहतक और तिरुचिरापल्ली सूची में हैं। डिफॉल्टर में एम्स रायबरेली, एनआईडी-दिल्ली, आंध्र प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि रैगिंग पर यूजीसी विनियमन, 2009 का पालन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनिवार्य है। इसका पालन न करना न केवल यूजीसी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग हो रहे लाभान्वित

**मन की बात** प्रधानमंत्री ने कहा 2015 तक 25 करोड़ तक ही पहुंचती थीं योजनाएं, कहा-देश हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा कि आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया।

### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को याद किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लिए बिना कांग्रेस की निंदा की।

### कैलाश और अमरनाथ यात्रा का भी जिक्र

मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: शुरू हुई है। कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह में कुछ ही दिन बचे हैं।

## एक नजर

### आप ने विधायक विजय प्रताप को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था। सिंह को पार्टी से निलंबित करने का फैसला 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

### खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी चार मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में रविवार सुबह पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुछ मजदूर जंगी का नगला गांव के पास पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे को भर रहे थे तभी मिट्टी धंस गई और मजदूर उसमें दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर अन्य श्रमिकों और परियोजना कर्मचारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया, लेकिन मिट्टी की गहराई और भारीपन के कारण तत्काल प्रयास करना कठिन हो गया। हादसे के वक्त मौके पर 12 मजदूर काम कर रहे थे।

# 1 अप्रैल 2026 से जनगणना का पहला चरण, होगी घरों की गिनती

## हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का डेटा एकत्र होगा

- 1 फरवरी 2027 से दूसरे चरण में जुटाया जाएगा जनसांख्यिकी विवरण, जातियों की भी गिनती

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी जनगणना के लिए घरों की गिनती का कार्य 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, जो इस दशकीय प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होगी। भारत के महापंजीयक ने यह जानकारी दी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में भारत के जनगणना आयुक्त और महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि घरों का सूचीकरण अभियान और आवास गणना एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि उससे पहले राज्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निरीक्षकों एवं गणकों की नियुक्ति की जाएगी तथा उनके बीच कामों का विभाजन किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी।

पहले चरण में यानी घरों के सूचीकरण अभियान (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। पत्र के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में हर घर में



प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा और यह चरण एक फरवरी, 2027 से शुरू होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया था कि जनगणना में जातियों की भी गिनती की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए 34 लाख से अधिक गणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह अब तक की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले लगभग तीन दर्जन प्रश्न तैयार किए हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न घरों में फोन, इंटरनेट, वाहन (साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन) और उपकरणों (रेडियो, टीवी, ट्रांजिस्टर) आदि के स्वामित्व के बारे में पूछा जाएगा। लोगों से अनाज उपभोग, पेयजल और प्रकाश के स्रोत, शौचालयों के प्रकार और सुलभता, अपशिष्ट जल निपटान, स्नान और रसोई की सुविधाओं, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन के बारे में भी पूछा जाएगा। अन्य प्रश्नों में घर के फर्श, दीवारों और छत के लिए प्रयुक्त सामग्री, इसकी स्थिति, घर में रहने वालों की संख्या, कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की उपस्थिति और क्या घर की मुखिया महिला है या अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित है, आदि शामिल हैं।

### इकाइयों की सीमा में 31 दिसंबर के बाद बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

## गुंडिचा मंदिर के पास भोर में हुए हादसे में 50 घायल, छह गंभीर

- दो पुलिस अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का किया तबादला
- मुख्यमंत्री ने दिए प्रशासनिक जांच के आदेश, मुआवजा देने की घोषणा

पुरी, एजेंसी

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजे हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस अस्पताल में घायलों का इलाज हो रहा है, वहां के एक अधिकारी ने कहा कि 50 घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था।



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान एकत्र श्रद्धालु। ● एजेंसी

मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता

ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वरिष्ठ अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी के वास्ते प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा कि भगदड़ की घटना के लिए मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। माझी ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता अधिक थी... धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

# गांवों के कायाकल्प की तैयारी, 2.15 लाख करोड़ से होगा विकास

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले योगी सरकार ने की तैयारी
- 17 नगर निगमों के ढांचागत विकास के लिए भी 1.29 लाख करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले गांव, ब्लाक और जिला पंचायत क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसमें 2.15 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। योगी का मिशन 2031 गांवों को आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के लिए भी 1.29 लाख करोड़ से विकास का रोडमैप तैयार किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 में अप्रैल से मई के बीच होने हैं। इसे लेकर गांव से लेकर ब्लाक और जिला पंचायत स्तर तक विकास कार्यों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की तैयारी करनी शुरू कर दी है। ऐसे में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार से लेकर ढांचागत विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

राज्य सरकार ने केंद्रीय वित्त आयोग को ग्रामीण विकास के लिए विस्तृत योजना पेश की है। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 1,74,755 करोड़, ब्लॉक के लिए 17,334 करोड़ और जिला पंचायतों के लिए 22,940 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। कुल मिलाकर 2.15 लाख करोड़ रुपये की यह राशि मरम्मत, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस्तेमाल होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकल्प जताया है कि साल 2031 तक प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध होंगे। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।

केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### विकास कार्यों के साथ रोजगार भी मिलेगा

राज्य सरकार के इस कदम से न सिर्फ ग्रामीण इलाकों की दशा में व्यापक रूप से सुधार आएगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 2.15 लाख करोड़ रुपये का निवेश रोजगार सृजन और बेहतर जीवन स्तर का भी आधार बनेगा। इस योजना से न सिर्फ विकास को गति देगी, बल्कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में भी मदद करेगी।

# यूपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने की संभावना है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

मानसूनी बारिश से चहुंओर मौसम में ताजगी और ठंडक घुल गई है। फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।



नई दिल्ली में बारिश के दौरान कर्तव्य पथ पर आगंतुक। ● एजेंसी

### नौ दिन पूर्व ही पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 27 जून के दो दिन बाद दस्तक दी और देश के शेष हिस्सों में यह सामान्य तिथि 8 जुलाई से नौ दिन पहले ही पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2020 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी पहुंचा है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि मॉनसून रविवार 29 जून 2025 को राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष हिस्सों और दिल्ली में पहुंच गया। सात दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर में अत्याधिक बारिश होगी।

# ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

- रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में मंगलवार से बड़ा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है। अब ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट बन जाएगा।

वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा।

# खनन क्षेत्र में उतरेंगे जेएसडब्ल्यू, अडाणी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक

## खनन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री बोले-खनन निवेश में कार्पोरेट सेक्टर की बढ़ी रुचि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खनिज राजस्व में ऐतिहासिक उछाल, 2025-26 के पहले दो माह में 623 करोड़ जुटाए

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जेएसडब्ल्यू, अडाणी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां निवेश करने वाली हैं। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और रोजगार का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य



खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क के रूप में वर्ष 2024-25 में 258.61 करोड़ तथा 2025-26 में अब तक 70.80 करोड़ का राजस्व मिला है। योगी ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए। संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। बताया कि राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है।

### नदी कैचमेंट में खनन प्रतिबंधित

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र बनाने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन न हो। ऐसा होने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मानक जीपीएस युक्त वाहन ही खनिज परिवहन हेतु अधिकृत किए जाएं। वीटीएस मॉड्यूल से रीयल टाइम ट्रैक किया जाए।

### 99 नए खनन क्षेत्रों की हुई पहचान

ड्रोन सर्वेक्षण और पीजीआरएस प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 संभावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं। मानसून उपरांत 52 क्षेत्रों में बालू व मौरंग के भंडार का भी मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि संचालित पट्टों की निगरानी और वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के माध्यम से खनन के वास्तविक आंकलन की प्रक्रिया को और गति दी जाए।

### मानसून काल में ही दें नए पट्टे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने जिला खनन निधि का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, खेल मैदानों के विकास, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और जल-ऊर्जा संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### गजेंद्र जिले के सीआरओ, भारत अपर नगर आयुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश शासन ने सहारनपुर के सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार द्वितीय को अयोध्या का नया मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया है। यहां तैनात रहे सीआरओ सतीश चंद्र 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं। इसके साथ ही गोंडा में उपजिलाधिकारी भारत को अयोध्या नगर निगम का अपर आयुक्त बनाया गया है। यहां तैनात रहे वागीश शुक्ला को एडीएम वित्त सोनभद्र बनाया गया है।

### तीन दिन बंद रहेगी क्रॉसिंग

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** बाराबंकी–जफराबाद रेल प्रखंड पर गेट संख्या 100 ओवरहालिंग के चलते तीन दिन तक बंद रहेगा। पीडब्ल्यूआई सुभाष चंद्रा ने बताया कि सोमवार सुबह 7 से बुधवार रात 10 बजे तक बिल्हरघाट स्टेशन का पूर्वी क्रॉसिंग पूरा बाजार बिल्हरघाट मार्ग वाली क्रासिंग बंद रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि गेट पर रेलवे लाइन की ओवरहालिंग की जावेगी। रूट डायवर्जन करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर महाराजगंज पुलिस को निर्देशित करने की अपेक्षा की गई है।

# जिले में बनाया जा रहा असम मॉडल का पहला स्थायी बाढ़ शरणालय

**5.82 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा तिमंजिला भवन**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

### आधुनिक सुविधायुक्त शरणालय में रह सकेंगे तीन सौ बाढ़ प्रभावित, फिनिशिंग स्तर पर चल रहा काम

**अमृत विचार:** जिले में पहली बार बाढ़ प्रभावितों के लिए स्थायी बाढ़ शरणालय बनाया जा रहा है। आधुनिक सुविधा युक्त बाढ़ शरणालय असम मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। यह सरयू के कछार से सटे गांव की जमीन पर बन रहा है। भवन फिनिशिंग स्तर पर पहुंच गया है।

जिले में हर बार सरयू की बाढ़ से तबाही मचती है। सैकड़ों लोगों को घर बार छोड़कर पलायन करना पड़ता है। प्रशासन इनके लिए अस्थायी बाढ़ शरणालय बनवाता है, लेकिन अब बाढ़ प्रभावितों के लिए स्थायी बाढ़ शरणालय बनाया जा रहा है। इसे असम मॉडल पर बनाया जा रहा है। असम में ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के बाढ़ की विभीषिका यहां से ज्यादा होती है। वहां बाढ़ से निपटने की रणनीति के तहत इसी तरह के भवन बनाए जाते हैं। इसीलिए प्रदेश में पहली बार असम मॉडल पर बाढ़ शरणालय का निर्माण कराया जा रहा है।



जलालुद्दीन नगर ग्राम पंचायत के रामपुर पुआरी में निर्माणाधीन बाढ़ शरणालय।

यह बाढ़ शरणालय सदर तहसील के जलालुद्दीन नगर ग्राम पंचायत के रामपुर पुआरी में निर्माणाधीन है। 5.82 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे बाढ़ शरणालय की कई खासियतें है। यह पिलर पर खड़ा किया जा रहा है। 10 फीट की ऊंचाई के पिलर पर पूरी इमारत खड़ी की गई है। मतलब 10 फीट पानी भरने के बाद भी शरणार्थी आसानी से रह सकेंगे। यह आधुनिक सुविधाओं वाला तिमंजिली इमारत है। इसकी क्षमता 300 बाढ़ प्रभावितों को रोकने की है। तीनों तलों पर 100-100 लोग रह सकेंगे। इनके लिए हर तल पर शौचालय, किचन और स्टोर रूम बनाया गया है। यह लगभग तैयार हो गया है। इसकी फिनिशिंग की जा रही है। उम्मीद है इस बार की बाढ़ में बाढ़ प्रभावितों को इसका लाभ मिलेगा।

**प्रदेश के पांच बाढ़ प्रभावित जिलों में बन रहे शरणालय**

असम मॉडल पर प्रदेश के पांच जिलों में ट्रायल बेस पर स्थायी और आधुनिक सुविधा वाले बाढ़ शरणालय बनाए जा रहे हैं। यह ऐसे जिले हैं जहां हर साल बाढ़ आती है। बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावितों के लिए प्रदेश शासन को व्यवस्था करनी पड़ती है। इनमें बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, गोरखपुर और महराजगंज जिले शामिल बताए गए हैं।

> जिले की सदर तहसील के रामपुर पुआरी में जिले का पहला स्थायी बाढ़ शरणालय बनाया जा रहा है। इसमें 300 बाढ़ प्रभावित आराम से रह सकेंगे। फिनिशिंग का काम चल रहा है। प्रयास है कि बाढ़ शरणालय की सुविधा इस बार बाढ़ प्रभावितों को मिले। - **महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अयोध्या**

# मायके से पैसा न लाने पर वर्षा को उतारा था मौत के घाट

अयोध्या कार्यालय

**पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर, देवर व देवरानी पर दर्ज किया केस**

फॉलोअप

**अमृत विचार:** थाना इनायतनगर अंतर्गत केवटहिया मुकीमपुर में शनिवार की शाम पत्नी को ईंट से कूचकर हत्या करने के मामले में मृतका के पिता ने पति, समेत ससुर, देवर व बहन पर केस दर्ज कराया है।

मृतका के पिता केशव राम निवासी मुकीमपुर थाना इनायत नगर में अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री वर्षा गौतम को 4 वर्ष पहले सूबेदार निवासी केवटहिया मुकीमपुर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। दोनों की तीन वर्ष की एक पुत्री भी है। आरोप लगाया कि सूबेदार आए दिन वर्षा को कहता था अपने पिता के घर से पैसा लेकर आओ अन्यथा तुम्हें व तुम्हारी पुत्री को घर से निकाल दूंगा। इसको लेकर परिवार के लोग भी मारपीट करते थे। बताया कि शनिवार की शाम 4:00 बजे सूबेदार व उसके परिवार के लोग उसे पीट रहे थे। उसका ससुर कपिल देव कह रहा था आज इसको मार डालो सारी झंझट ही खत्म हो जाए। आरोप लगाया कि रहा था तथा उसका भाई जिलेदार वर्षा का हाथ पीछे कर पकड़े हुआ था, जबकि उसकी एक अविवाहित बहन भी पीछे खड़ी होकर गालियां दे रही थी। इस दौरान सूबेदार ने ईंट से सिर पर कई वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर पर सूबेदार, कपिल देव, जिलेदार व बहन के खिलाफ हत्या दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। उनकी तलाश में टीम लगाई गई है।

# संविधान की रक्षा को सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी सपा : अवधेश प्रसाद



मिल्कीपुर में आयोजित बैठक में सांसद अवधेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व अन्य पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय

**पांचों विधानसभा सीटों की जीत के साथ 2027 में बनेगी सपा सरकार : पारसनाथ**

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा के पांच नंबर चौराहे पर रविवार को सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा कार्यकर्ता बैठक व आम की दावत का आयोजन किया गया।

सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को खत्म करना चाहती है। वर्तमान समय में सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। समाजवादी पार्टी संविधान के साथ छेड़छाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी संविधान को बचाने के लिए जो भी कुर्बानियां देनी पड़ेगी दी जाएगी। संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन लड़ाई लड़ेगी।

जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा आज पूरे प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, लूट, डकैती, बलात्कार, महिलाओं का उत्पीड़न चरम पर है। 2027 में अयोध्या की पांचों विधानसभा सीटों की जीत के साथ प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी की सरकार बनेंगी। अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन यदुनाथ यादव किया। जिला महासचिव बख्तियार खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, छोटेलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, आकिब खान, जय सिंह यादव, राम करन यादव, इंद्रपाल यादव, माखन लाल यादव, छेदी सिंह, रामबहादुर यादव, सरोज यादव आदि ने संबोधित किया।

## भाजपा नेता का भतीजा लापता पुलिस कर रही तलाश

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के आरडी इंटर कॉलेज के समीप रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक राम किशोर मिश्रा का नाती और भाजपा नेता करुणापति मिश्र का भतीजा सत्यम मिश्रा पुत्र स्वर्गीय चंद्र प्रकाश मिश्रा (27) रविवार लापता हो गया। उसकी बाइक सरयू नदी के पुल पर लावारिस हालत में मिली। सूचना पर पुलिस ने नदी में खोजबीन कराई। बताया गया है कि सत्यम सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर से दाढ़ी बनवाने की बात कहकर निकाला। काफी देर बाद भी जब वापस घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान होकर इधर-उधर तलाश करने लगे। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला। ढूंढते-ढूंढते ढेमवा घाट पर पहुंचे तो वहां युवक की बाइक पुल पर खड़ी मिली। भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष करुणापति मिश्र ने रौनाही थाने में घटना का लिखित पत्र रौनाही पुलिस को दिया। रौनाही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्टीमर बुलवाकर नदी के पानी में खोजबीन कराई, लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला। एसआई आलोक कुमार यादव ने बताया कि परिजनों ने युवक के गायब होने की सूचना दी है। इसके आधार पर लापता युवक की नदी के पानी सहित अन्य जगहों पर खोजबीन की जा रही है।

# जांच टीम से पूछा, ए तुममें से सीएमओ कौन है? अभद्र टिप्पणी की और चला गया

अयोध्या कार्यालय

**सीएमओ ने जताया जान का खतरा, आज डीएम और एसएसपी से करेंगे मुलाकात**

**मवई में आजमगढ़ के नंबर वाली बाइक से पहुंचा था एक युवक**

**अमृत विचार :** वक्त यही कोई शनिवार रात 11 बजे का रहा होगा। मामला मवई के आगे एक रेस्टोरेंट का है। एक निजी हॉस्पिटल को अनसील कर लौट रही जांच टीम के तीन सदस्य खाना खा रहे। तभी एक बाइक पर युवक पहुंचता है। जांच टीम के तीनों सदस्यों से सवाल दागा, ऐ बताओ... तुम लोगों में से सीएमओ कौन है? सदस्य सकपका कर जवाब देते हैं। हममें से कोई नहीं है। युवक सीएमओ को लेकर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करता है और तीखे तेवर में धमकी भरा अंदाज दिखाते हुए बाइक स्टार्ट कर वापस लौट जाता है। युवक को लेकर जांच टीम के सदस्य तत्काल सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान को रिपोर्ट करते हैं। रविवार दोपहर सीएमओ ने इस घटनाक्रम को लेकर खुद की जान का खतरा बताते हुए सोमवार को जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की बात कही है।




सीएमओ को परिवहन पोर्टल पर जांच के बाद मिले बाइक के नंबर का स्क्रीन शॉट।

ऊपर लिखे पूरे घटनाक्रम की पुष्टि सीएमओ ने खुद अमृत विचार से की है। यह घटनाक्रम तब पेश आया जब सीएमओ के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच टीम मवई के निजी हॉस्पिटल शारदा को अनसील करके वापस अयोध्या लौट रही थी। इस हॉस्पिटल को कुछ दिनों पहले सील किया गया था। शनिवार रात अधिक हो जाने के कारण जांच टीम के सदस्य डॉ संदीप शुक्ला, डॉ. राममणि और डॉ. वेदप्रकाश रुदौली के निकट एक रेस्टोरेंट पर खाना खाने के लिए रुक गए। सदस्यों ने जो रिपोर्ट सीएमओ को दी उसके मुताबिक इस दौरान बाइक सवार एक युवक आया और तल्ख लहजे में उसने पूछा तुम लोगों में से सीएमओ कौन है जी। थोड़ी देर के लिए सभी सन्न रह गए। फिर जवाब दिया हम लोगों में से कोई भी नहीं है सीएमओ। युवक ने सीएमओ को लेकर असंसदीय भाषा का प्रयोग किया और देख लेने की बात बड़बड़ाता हुआ वापस लौट गया। बताया जाता है कि इस बीच युवक ने सभी के वीडियो भी बनाए थे। जांच टीम के सदस्यों ने इसकी सूचना तत्काल सीएमओ को दी। युवक कौन था, क्या मंशा थी, सीएमओ को क्यों पूछा। इसे लेकर अभी तक कोई स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। इस दौरान सदस्यों द्वारा नोट किए गए बाइक के नंबर के आधार पर जांच की गई तो परिवहन विभाग के सर्च पोर्टल से नंबर आजमगढ़ का निकला। बाइक आजमगढ़ आरटीओ में रजिस्टर्ड है, लेकिन ऑनर का नाम नहीं दर्ज दिखा। फिलहाल पूरे मामले को लेकर रविवार को स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची रही और तरह तरह की चर्चाएं होतीं रहीं।



> जांच समिति शारदा हॉस्पिटल अनसील कर लौट रही थी तभी युवक ने आकर मुझे पूछा। बाइक का नंबर आजमगढ़ का पाया गया है। यह एक गंभीर प्रकरण है और युवक के इरादे ठीक नहीं लगते थे। मेरी जान को खतरा भी हो सकता है। सोमवार को जिलाधिकारी और एसएसपी से भेंट कर अवगत कराऊंगा। -**डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ**

## भाकियू की पंचायत में गूंजा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का मुद्दा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन की बैठक में नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में रोड लाइटों में बल्ब बदलने के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला गूंजा। आरोप लगाया कि प्रति बल्ब वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक मूल्य की दर से भुगतान हुआ है। साथ ही नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन अ के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा कि ग्राम सभा अमसिन में राजस्व विभाग से बेदखली के बावजूद निर्माण के लिए प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने, ऐमी आलापुर में तालाब संख्या 419 ग को अतिक्रमण मुक्त कराने, फत्तेपुर कमासिन तारून की सड़क का साइफन खुलवाकर तालाब में जल निकास कराने, फत्तेपुर कमासिन में लेखपाल से चक मार्ग की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने और ग्राम सिरसिंडा में जल निकासी की व्यवस्था 15 दिन के अंदर कराने की मांग उठाई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में रोड लाइट में बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदर बांट की गई है। मामले को वह प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। शिव प्रसाद पांडे, हृदय नारायण शर्मा, राजेंद्र, सुनील, शिवम, नंदकिशोर, मंगला, गीता, सीमा, वीरेंद्र पांडे सहित अन्य लोग थे।

# 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम होगी युवाओं की भूमिका: वेंकटेश्वर लू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश शासन के समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग के अपर प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा कि कर्मयोग केवल एक आध्यात्मिक दर्शन नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जो अभ्युदय यानी समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। वह आयुक्त सभागार में आयोजित कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कर्मयोग की मूल विचारधारा को समझना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि आने वाले समय, विशेषकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में उन्हें केवल सपने देखने तक सीमित न रहकर कर्मयोग के मार्ग पर चलकर उन्हें साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में अभ्युदय के तहत साकेत महाविद्यालय में सिविल सर्विसेज व जीआईसी में नीट और जेईई के केंद्र स्थापित किए गए हैं।




आयुक्त सभागार में आयोजित कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी में मौजूद अपर प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू व अन्य। अमृत विचार

**कर्मयोग, आध्यात्मिक दर्शन के साथ व्यावहारिक मार्गदर्शन भी जरूरी: अपर मुख्य सचिव**

बच्चों को बेहतर ढंग से कोचिंग क्लास दी जा रही है। अभ्युदय कोचिंग मे चयनित विद्यार्थियों को बुलाकर मोटिवेशनल क्लासेस भी कराई जाए। अपर आयुक्त प्रशासन व मुख्य विकास अधिकारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रशासन अजयकांत सैनी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, शिक्षाविद्, विद्यार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के मामले में रिपोर्ट

**हैदरगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक मृत व्यक्ति के अलग-अलग दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के मामले में न्यायालय के आदेश पर हैदरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मामला ग्राम पंचायत जाना का है। यहां के रहने वाले अखिलेश चंद्र पांडे की इलाज के दौरान मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर में 27 अप्रैल 2022 को मृत्यु हो गई थी। इसका मृत्यु प्रमाण पत्र मृतक के पिता सतीश चंद्र पांडे ने अस्पताल से ले लिया था। पिता का आरोप है कि बीकापुर कोतवाली मजरुद्दीनपुर मजरे कादीपुर निवासी तारा देवी ने ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्यों के सहयोग से कूट रचना करके 26 अप्रैल 2022 की मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल कर लिया। मामला न्यायालय में पहुंचा। अधिवक्ता रवि प्रकाश पाठक ने अदालत में पैरवी की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत ने मामले में हैदरगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तारा देवी, किरन वर्मा, विजय गुप्ता, राकेश कुमार यादव, राम सिंह, रीता वर्मा, अंकित यादव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## सार-संक्षेप



भामाशाह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते व्यापारी। अमृत विचार

### दुर्घटना बीमा बढ़ाने के लिए गठित की गई कमेटी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** व्यापार अधिकार मंच के कैंप कार्यालय पर महादानी भामाशाह की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। मंच के संयोजक सुशील जायसवाल ने भामाशाह को कर्ण जैसा ही श्रेष्ठ दानी बताया। कहा कि जिनके दान से 12 साल तक सेना के निर्माण, रसद, हथियार और वेतन की व्यवस्था हुई। व्यापारी इस दिवस को आगे और भी भव्य और जनभागीदारी के साथ मनाएंगे। महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन ने कहा कि भामाशाह और महाराणा प्रताप एक दूसरे के पूरक हैं। भामाशाह जयंती पर व्यापारियों के सम्मान पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारियों के लिए संपत्ति वैभव कर और ऑनलाइन कारोबार पर भी गहन चर्चा की गई। एक स्वर से सीपी टैक्स को समाप्त किए जाने आनलाइन कारोबार से खुदरा व्यापार को बचाने की अपील की गई। राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारी को दुर्घटना बीमा योजना में दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किए जाने की मांग की गई। इसको लेकर अभियान चलाने के लिए कमेटी गठित की गई। यह व्यापारियों के मंशा को सरकार तक पहुंचाएगी। कमेटी में मोहित सिंह बाबी, कक्कू सिंह उप्पल, मनोज अग्रवाल, आकाश जायसवाल व प्रवीण रस्तोगी को रखा गया। जिला प्रभारी कमल कौशल, प्रवीण रस्तोगी, रमेश जायसवाल, शैलेन्द्र सोनी रामू, आकाश जायसवाल, भामाशाह सम्मान से सम्मानित कक्कू सिंह उप्पल, नीरज जायसवाल, दयाल यादव, राजेश जायसवाल, आमंत्रित सदस्य राहुल गुप्ता आदि ने संबोधित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित व्यापार बंधु की बैठक में यह विषय रखे जाएंगे।

### कुत्तों की नसबंदी करने वाली एनजीओ की जांच की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** मोहर्रम के दौरान शिया बाहुल्य क्षेत्र राठहवेली समेत विभिन्न इलाकों में रोजाना जुलूस और मजलिस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आवारा कुत्तों के आतंक से लोग त्रस्त हैं। महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना दूभर हो गया है। इसे लेकर शहीद वीर अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद सलमान हैदर ने नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। बताया गया है कि अब तक कई महिलाओं और बच्चों को कुत्ते काटकर घायल कर चुके हैं। पार्षद ने लिखा है कि मोहर्रम शुरू हो गया है। रोजाना जुलूस आदि निकलते हैं। नगर निगम के द्वारा जिन कुत्तों की नसबंदी कराई गई थी वह महिलाओं और बच्चों को काटकर घायल कर रहे हैं। लिखा है यह कुत्ते पालतू जानवरों को मार डालते हैं। पार्षद ने समस्या के समाधान और एनजीओ की जांच की मांग की है कि नसबंदी के दौरान ऐसा क्या किया जिससे कुत्ते हमलावर हो रहे हैं।

### दहेज उत्पीड़न में पति, ससुर व देवर के खिलाफ रिपोर्ट

**रुदौली, अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार के हरिश्चंद्रपुर मजरे रेछ के रहने वाले उदयराज मिश्रा की बेटी स्वाति का विवाह 13 मई 2025 को सुल्तानपुर के थाना हलियापुर ग्राम मलैया पांडेय का पुरवा मौजा कापा निवासी आदित्य पांडे से हुई थी। स्वाति ने आरोप लगाया कि ससुराल में ससुर महेश पांडेय, देवर अनुकरण पांडेय, पति आदित्य पांडेय ने कहा कि शादी में तुम्हारे पिता ने स्पलेंडर मोटरसाइकिल दिया है। बुलेट मोटर साइकिल चाहिए यदि बुलेट मिलेगी तो तुम्हें रखेंगे वरना नहीं रखेंगे। 23 और 24 जून को मारा पीटा। पिता को बताया तो वह मुझसे मिलने के लिए आए तो ससुराल वालों ने पिता को भी मारा। जान से मारने की धमकी दी। ससुराल वालों पर स्वाति को गला दबाकर मारने का प्रयास का आरोप भी है। पति ने मारपीट के बाद उसे उसके गांव के किनारे छोड़ा और भाग गया। थानाध्यक्ष बाबा बाजार ने बताया कि स्वाति की तहरीर पर पति आदित्य पांडेय, देवर अनुकरण पांडेय व ससुर महेश पांडेय के विरुद्ध धारा 85, 115(2) 352, 351(3) दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक आकांक्षा पटेल को सौंपी गई है।

**अव्यवस्था** थोड़ी सी बारिश में फिसलन से परेशान होते हैं लोग

# महीने भर से खोदी सड़कों पर चल पाना दुश्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बारिश आने पर नाले-नाली और सड़क और कटान रोके जाने का काम तेज हो जाता है। पखवाड़े, महीने भर से खोदी सड़कों और नाले नालियों के कारण चलना मुश्किल हो जाता है। इन दिनों भी जगह-जगह ऐसा ही दिख रहा है। थोड़ी सी बारिश में फिसलन से लोग परेशान होते हैं।

सिविल लाइन में कचहरी चौराहा, कृषि भवन को जाने वाले मार्ग के पास नाला बनाए जाने का काम महीनों से चल रहा है। अब तक पूरा नहीं हो पाया। सीवर लाइन के लिए राम पथ से मोदहा जाने वाले मार्ग को खोदा गया। सड़क की मरम्मत पूरी नहीं हुई। सड़क टूटी है। मिट्टी बिखरी है। कई बार पानी भरने से लोगों को रास्ता बदलना पड़ा, लेकिन न तो नाला का काम पूरा हुआ और न ही सड़क बन पाई। नैय्यर कालोनी के अंदर की सड़क बनाने के लिए बारिश के समय खोदाई कर दी गई। एक ओर पानी भरा तो आना जाना मुश्किल हुआ। बारिश में कीचड़ के कारण लोगों को घर से निकलना मुश्किल हुआ। वाहन अपने घर तक नहीं ले जा पाए। फिलहाल लगभग पखवाड़े भर बाद शनिवार से इस पर भी काम शुरू हुआ। इधर से आने जाने वाले अविनाश, रोहित कुमार, राकेश कुमार कहते हैं महीनों से सड़क और नाला बनाने का काम चल रहा है लेकिन पूरा नही हुआ। अब बारिश आई तो लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है।



नैय्यर कॉलोनी की खोदी गई सड़क पर चलना मुश्किल। अमृत विचार

शहर ही नहीं देहात में भी ऐसा ही है। नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में परिषदीय विद्यालय साल्हे पुर निमैचा के पास भी नाला निर्माण पखवाड़े भर पहले शुरू हुआ। पक्की सड़क पर नाला बनाने के दौरान आना जाना बाधित रहा। नीचे बन गया तो भी ऊपर से पटरा रखकर आना जाना लोगों की मजबूरी बन गई। नदी के कटान से बचाने के लिए इस्माइलनगर सिंहोरा, रग्घूपुर, दिनकर आदि गांवों के पास काम महीनों पहले शुरू हुआ लेकिन पूरा नहीं किया गया। सरयू में बाढ़ का खतरा बढ़ा। प्रमुख सचिव अनिल गर्ग निरीक्षण को पहुंचे तो गांव के लोगों ने शिकायत की। इसके बाद फिर काम पूरा करने की जद्दोजहद शुरू हुई। लोगों का कहना है कि पूरे साल काम पर तेजी नहीं की जाती जब बारिश आने वाली होती है तो जानबूझकर काम शुरू कराया जाता है। बारिश में आधे-अधूरे काम को पूरा दिखाना आसान होता है। माप करना आसान हो जाता है। इसलिए भी बारिश के समय काम तेज किया जाता है। हालांकि अब नदी के तट पर काम कराने वाले बाढ़ कार्य खंड के इंजीनियर कहते हैं कि काम पूरा हो रहा है। इन कार्यों को कराने वाले विभाग के लोग बताते हैं कि समय से काम पूरा किए जाने की हर संभव कोशिश है।

# 19 कॉलेजों ने अभी तक नहीं लिए हाईस्कूल-इंटर के अंक पत्र

अयोध्या कार्यालय

**बोर्ड द्वारा दिए गए हैं अंक पत्रों के पैकेट के वितरण के निर्देश**

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पहली जुलाई से सभी माध्यमिक स्कूल खुल जाएंगे। अभी तक माध्यमिक शिक्षा परिषद के जनपद के 19 माध्यमिक स्कूलों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट के पैकेट प्राप्त नहीं किए हैं। इस बाबत संबंधित प्रधानाचार्यों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद माध्यमिक स्कूलों ने मार्कशीट के पैकेट रिसीव नहीं किए हैं।

जनपद भर में राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन के कुल 484 स्कूल हैं, जहां पर कक्षा छह से 12 तक की पढ़ाई होती है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाफल आए हुए काफी दिन हो चुके हैं। बोर्ड कार्यालय से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट और प्रमाणपत्र के पैकेट जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में काफी समय पहले आ चुके हैं, जहां से अधिकांश स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने मार्कशीट प्रमाणपत्र के पैकेट प्राप्त कर लिए हैं। अभी 19 माध्यमिक स्कूलों ने मार्कशीट प्रमाणपत्र के पैकेट प्राप्त नहीं किए हैं। इसके लिए प्रधानाचार्यों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पैकेट रिसीव करने में कोई दिलचस्पी नहीं ली है। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि अवशेष स्कूलों के प्रधानाचार्य अपने-अपने मार्कशीट-प्रमाणपत्र के पैकेट कार्यालय से प्राप्त कर लें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके लिए जिले भर में वितरण के लिए कुल 4 कर्मचारी लगाए गए हैं। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज से भी वितरण किया जा रहा है।




## आज का मौसम



24 घंटे में हल्के छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है।

33.5° अधिकतम तापमान | 26.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- सभी परिषदीय विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अभिभावकों, प्रधानों व प्रबंध समिति के साथ बैठक सुबह 09 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा प्रदर्शनी व कार्यशाला का आयोजन सुबह 10 :00 बजे से।



- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।

# कौशलपुरी में 15 और नियांवा में 12 घंटे बत्ती गुल, ठेकेदार पर होगी एफआईआर



## नाका के पास जेसीबी से खोदाई के दौरान ब्लास्ट हो गई थी 33 हजार की लाइन | चौक-नियांवा के बीच की अंडरग्राउंड केबल भी ब्रेकडाउन 50 हजार से भी अधिक की आबादी बूंद-बूंद पानी को तरसी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में तीन दिन से छाए बिजली संकट ने पॉवर कारपोरेशन के तमाम दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। शुक्रवार रात चार उपकेंद्रों की आपूर्ति ठप होने के बाद शनिवार रात तीन और उप केन्द्रों की 50 हजार से अधिक आबादी बिजली संकट की चपेट में आ गई। दर्शननगर 220 केवीए ट्रांसमिशन से आई 33 हजार की लाइन रात नाका के पास ब्लास्ट हो गई तो चौक-नियावां उप केन्द्रों तक आई यही लाइन धारा रोड के पास ब्रेक डाउन में आ गई। कौशलपुरी इलाके में तो रात 12 बजे ठप हुई आपूर्ति रविवार दोपहर तीन बजे के बाद बहाल हुई। बिजली संकट ने कौशलपुरी और नियांवा के लोगों को रुला दिया, लेकिन जिम्मेदार नहीं पसीजे। सभी ने फोन बंद कर रखे थे। वहीं नाका के पास जेसीबी से खोदाई कराने वाले एनएचएआई के ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है।



नाका के पास 33 हजार की लाइन को जोड़ते विद्युत कर्मी।



चौक क्षेत्र में 33 हजार लाइन की केबल दुरुस्त करते बिजली कर्मी।

शनिवार रात दर्शननगर से कौशलपुरी विद्युत उप केन्द्र तक आने वाली 33 हजार की लाइन नाका के निकट ब्लास्ट कर गई। बताया जाता है कि एक जेसीबी की चपेट में आते ही 33 हजार की लाइन का केबल कट गया और तेज आवाज के साथ लाइन बंद हो गई। इसके चलते कौशलपुरी विद्युत उप केन्द्र के अधीन आने वाली पूरी आबादी भीषण गर्मी में अंधेरे में डूब गई। उपभोक्ताओं ने उप केन्द्र फोन मिलाना शुरू किया, लेकिन कोई सूचना नहीं मिल पाई। हालांकि ग्रुप पर मैसेज डाला गया था। पूरी रात लोग बला की उमस और गर्मी से परेशान रहे। लोगों ने बताया कि अवर अभियन्ता को रात में काल की, लेकिन रिसीव नहीं की। सुबह से दोपहर तक मोबाइल स्विच ऑफ कर बैठ गए। रात से दोपहर बाद तक बिजली न आने से लोगों के घरों के इन्वर्टर तक बैठ गए और बूंद-बूंद पानी को तरस गए। रविवार की पूरी छुट्टी लोगों की बेकार चली गई। वहीं देर रात चौक क्षेत्र के धारा रोड पर भी 33 हजार की लाइन में फाल्ट आ गई, जिसके चलते नियांवा इलाके में भी बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यह एक ही लाइन चौक और नियांवा दोनों विद्युत उप केन्द्र को बिजली आपूर्ति प्रदान करती है। यहां फाल्ट से धारा रोड, सुभाषनगर, नियांवा के रेतिया, हसनू कटरा आदि इलाके 12 घंटे तक अंधेरे में डूबे रहे। लोगों का आरोप है कि बिजली कटने के बाद अधिकारी भी फोन नहीं उठाते।

### मिल्कीपुर में 40 गांवों की 50 हजार आबादी रही अंधेरे में

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** अमानीगंज विद्युत उपकेंद्र के पांच एमबी ट्रांसफर में आई खराबी से करीब 40 गांवों की पचास हजार की आबादी अंधेरे में डूबी रही। सुबह सात बजे उप केंद्र के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई, जिसके बाद उपकेंद्र के कोटिया, जयराजपुर एवं अमानीगंज टाउन की विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई। सप्लाई न होने से क्षेत्र की पचास हजार आबादी पूरे दिन भीषण गर्मी में परेशान रही। शाम होने पर अमानीगंज टाउन सहित क्षेत्र के 40 से अधिक गांवों में अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर की खराबी दूर करने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता न मिलने पर जिले से टेक्निकल टीम भी मौके पर पहुंची। जेई मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण सप्लाई बाधित है। टेक्निकल टीम ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग कर रही है। जल्द ही सप्लाई दी जाएगी।

### जिले में बिजली संकट के लिए मुख्य अभियंता जिम्मेदार : रघुवंश मिश्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में शहर से लेकर गांवों तक छाए बिजली संकट को लेकर विद्युत मजदूर पंचायत ने रविवार को मुख्य अभियंता वितरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने वर्तमान बिजली संकट के लिए सीधे तौर पर मुख्य अभियंता को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यदि निविदा संविदा कर्मचारी हटाए न होते तो लोगों को यह संकट न झेलना पड़ता। उन्होंने कहा कि 69 दिन से मुख्य अभियंता के कार्यालय परिसर में धरना चलाया जा रहा है फिर भी मुख्य अभियंता के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। कौशलपुरी कॉलोनी में बिजली न आने से लगभग 10 हजार की आबादी अंधेरे में व एक-एक बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं विभाग के जिम्मेदारों द्वारा फोन तक नहीं उठाया जा रहा है। जनता और बिजली कर्मियों को एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी चाहिए। धरने का संचालन जय गोविंद ने किया। धरने पर धर्मवीर, विजय, अंकित, उमेश, विनय, प्रदीप, रवि, विवेक, आफताब, मो. कादिर, रमेश, नंद यादव, सुरेश, राकेश, रविंद्र सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी उपस्थित रहे।

> नाका में एनएचआई कंपनी के ठेकेदार द्वारा दो जगह 33 हजार की लाइन की केबल काट दी गई थी, जिसके चलते आपूर्ति बाधित हुई जिसे दोपहर बाद चालू करा दिया गया है। कंपनी के ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर के लिए अवर अभियंता कौशलपुरी को निर्देशित किया गया है। – **मनीष चौबे, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड अयोध्या**




## बिल वसूलने गए विद्युत कर्मियों को दिखाया तमंचा, आरोपी पर केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत उमरनी पिपरी चौराहे पर राजस्व वसूली व विद्युत विच्छेदन के लिए गई पॉवर कारपोरेशन की टीम को एक युवक ने तमंचा दिखाकर डरा धमका भगा दिया। विद्युत उपकेंद्र बीकापुर पर तैनात टीजी टू सुनील कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार शनिवार को दिनेश यादव, जयप्रकाश, विक्रम, घनश्याम मिश्र, मनोज दुबे, राजेश पालख इंद्रबली, हरिशंकर निषाद व विद्युत सखी अंजू की टीम उमरनी पिपरी चौराहे पर विद्युत बकाया बिल विच्छेदन के लिए गई थी। टीम विद्युत उपभोक्ता निशांत वर्मा निवासी सूल्हेपुर की दुकान पर गई व बकाया 5628 रुपये जमा करने के लिए कहा। इस पर निशांत ने दो जुलाई तक बिल जमा करने के लिए समय मांगा। इसके बाद टीम आगे चली गई। कुछ देर बाद लाइनमैन इंद्रबली के पास निशांत ने फोन करके बकाया जमा करने के लिए बुलाया। इस पर लाइनमैन घनश्याम मिश्र व अंजू को बिल जमा करने के लिए भेजा गया। इन लोगों के वहां पहुंचने पर निशांत ने पहले गाली गलौज किया व बाद में तमंचा दिखाकर कहा अगर दोबारा बिल जमा कराने आए तो जान से मार दूंगा। इससे कर्मियों में भय व्याप्त हो गया। बीकापुर कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर निशांत के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सीएचसी हैदरगंज के तत्कालीन अधीक्षक पर स्टाफ नर्स ने लगाए यौन शोषण के आरोप

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** हैदरगंज थाना क्षेत्र के रमवाकलां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज के तत्कालीन अधीक्षक पर एक स्टाफ नर्स ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हैदरगंज थाने पर पीड़िता द्वारा शिकायत करने पर कार्रवाई न होने के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, महिला आयोग, महिला थाना अयोध्या, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग किया है।

गोरखपुर जिले की निवासी स्टाफ नर्स की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज में 2022 में स्टाफ नर्स बतौर कार्यरत थी। इसी दौरान अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महिपाल सिंह ने शादी का झांसा और बहकावे में लेकर मोबाइल फोन पर बात करना शुरू कर दिया। उसके बाद पीड़िता स्टाफ नर्स से शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद वीडियो भी बनाया। इसी की आड़ में डरा धमका कर लगभग एक वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता गर्भवती भी हो गई। आरोप है पता चला तो वह बहला फुसलाकर अयोध्या शहर के एक निजी चिकित्सालय में ले जाकर गर्भपात करवा दिया। हैदरगंज थाने पर तहरीर दिया, लेकिन आरोपी डॉ. महिपाल सिंह के प्रभाव में संबंधित पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीएमओ से शिकायत के बाद डॉ. महिपाल सिंह का स्थानांतरण 50 शैय्या देवगांव अस्पताल और उसका तबादला सीएचसी सोनवा कर दिया गया। वहीं आरोपी चिकित्सक डॉ. महिपाल सिंह ने स्टाफ नर्स के सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वह एक साजिश के तहत बदनाम और छवि धूमिल कर रही है। स्टाफ नर्स से उनका कोई लेना देना नहीं है।

▸▸ **एसएसपी को दिया प्रार्थना पत्र, एसओ बोले निर्देश के बाद दर्ज होगा केस**

> मुझे कुछ दिन पहले शिकायत और कुछ सूचनाएं मिलीं थीं, जिसके आधार पर अधीक्षक और स्टाफ नर्स का अलग-अलग तबादला कर दिया था। अब स्टाफ नर्स ने पुलिस से शिकायत की है तो जैसा भी पुलिस की जांच में सामने आयेगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – **डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ**

## अधीक्षक से दुर्व्यवहार पर सीएचसी मसौधा के फार्मासिस्ट हटाए गए

**अयोध्या, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा के अधीक्षक से लगातार दुर्व्यवहार और उनके आदेश का पालन न करने के आरोप में सीएचसी के फार्मासिस्ट धर्मेंद्र पांडेय को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार ने इसकी लिखित शिकायत सीएमओ से की थी, जिसका संज्ञान लेते हुए सीएमओ ने फार्मासिस्ट को सीएचसी मसौधा से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज भेजा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार ने सीएमओ से की शिकायत में लिखा था कि फार्मासिस्ट धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय लगातार दुर्व्यवहार, गाली गलौज और अधिकारियों तथा स्टाफ से अभद्रता करते हैं। मेरे द्वारा कई बार लिखित और मौखिक चेतावनी के बाद भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसे लेकर सीएमओ ने यह कार्रवाई की है।

# बूंदाबांदी के बीच बिजली गिरने से महिला की मौत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **थाना खंडासा अंतर्गत डूंडी गांव में शनिवार शाम की घटना**

**अमृत विचार :** थाना खंडासा क्षेत्र अंतर्गत डूंडी गांव में शनिवार की शाम करीब पांच बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला बिंदु कोरी (38) पत्नी नाथूराम कोरी की मौत हो गई। मृतका अपने दिव्यांग पति समेत चार नाबालिग बेटी-बेटियों का एकमात्र सहारा थी। बिंदु शाम के समय अपने घर के बाहर थी। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। साथ ही पास ही आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से वह बेहोश होकर गिर पड़ी। घर वाले उसे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर लेकर पहुंचे। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई।



बिंदु (फाइल फोटो)

खंडासा थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रशासन ने भी इस घटना को दैवीय आपदा के तहत दर्ज किया है। पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हुई अच्छी बरसात शहरी क्षेत्र में बूंदाबांदी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के कुछ ग्रामीण इलाकों में रविवार को अच्छी बरसात हुई, जबकि शाम तक शहरी क्षेत्रों में सिर्फ बूंदाबांदी ही हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जिले में मानसून सक्रिय है। इस सप्ताह अच्छी बारिश होने की संभावना है। रविवार की दोपहर करीब 12 बजे मिल्कीपुर, कुमारगंज, इससे सटे बीकापुर व रुदौली के कुछ इलाकों कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बरसात हुई। यह क्रम करीब एक घंटे तक चला। इससे भीषण उमस व गर्मी का सामना कर रहे लोगों को कुछ राहत महसूस हुई। वहीं शहरी इलाके में दिन भर आसमान में काले घने बादल छाए रहे। करीब तीन बजे के आसपास तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हुई, इससे मौसम सुहावना हो गया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ अमरनाथ मिश्र के अनुसार पूर्वी यूपी में मानसून सक्रिय हो गया है। अगले सप्ताह अच्छी बारिश की संभावना है।

# मंदिरों के पास से महिला श्रद्धालुओं की चेन चुराने वाला गिरोह बेनकाब

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **गिरोह की पांच महिलाएं गिरफ्तार, हाल ही में कनक भवन मंदिर से एक महिला श्रद्धालु के गले से चुराई थी सोने की चेन**

**अमृत विचार :** थाना रामजन्मभूमि व एंटी थेफ्ट सेल ने चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले गिरोह की पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से दो वारदातों का खुलासा हुआ है। सभी आरोपी महिलाएं आगरा व आजमगढ़ की रहने वाली है। इनके पास से चोरी किया गया एक सोने का लॉकेट बरामद हुआ है।

सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि अयोध्या के भीड़भाड़ वाले इलाके व प्रमुख मंदिरों के पास महिलाओं के गले से सोने की चेन चुराने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

आरोपियों की तलाश के लिए थाना राम जन्मभूमि व एंटी थेफ्ट सेल की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रविवार को एक सूचना के आधार पर टीम ने टेढ़ी बाजार ओवर ब्रिज के नीचे से 5 महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान गीता निवासी जगना तेनुआ थाना बिलरियागंज आजमगढ़, पूनम उर्फ नीता निवासी अलीनगर थाना मुबारकपुर आजमगढ़, शिवानी निवासी अलीनगर थाना मुबारकपुर आजमगढ़, सपना निवासी ग्यासपुर भट्टा के पास थाना शाहगंज जिला आगरा व बछला निवासी ग्यासपुर भट्टा के पास थाना शाहगंज के रूप में हुई। आरोपी के पास से बरामद चेन अभी हाल ही में कनक भवन मंदिर से एक महिला के गले से चुराई गई थी। आरोपी महिलाओं में गीता का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ अयोध्या में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रधानमंत्री म्यूजियम की तर्ज पर बन रहा अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दिल्ली में स्थित प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम के तर्ज पर सरयू के तट पर भी अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को तैयार किया जा रहा है, जिसमें भगवान श्रीराम से संबंधित वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने निर्माणाधीन संग्रहालय परिसर में निर्माण संस्थाओं के साथ मंथन किया।



ऐसा दिखेगा अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय।

▸▸ **निर्माणाधीन संग्रहालय में हुई मंदिर निर्माण समिति की बैठक**

बैठक के दौरान संग्रहालय के निदेशक संजीव कुमार राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी गौरव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि यह संग्रहालय ट्रस्ट को सरकार ने लीज पर दिया है। इसको हम नए ढंग से जिस प्रकार दिल्ली में प्रधानमंत्री म्यूजियम बना है ठीक उसी प्रकार से राम कथा संग्रहालय बना रहे हैं। आईआईटी मद्रास हनुमान जी की महिमा पर सेवन डी तैयार कर रहा है।

निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम कथा संग्रहालय का कार्य प्राथमिक स्तर पर चल रहा है। बताया कि प्रयास है कि श्रद्धालुओं को कुछ समय बाद अंदर आने की अनुमति दे सकें, लेकिन यह सभी कार्य सितंबर के समीक्षा बैठक के बाद तय हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### अवैध मछली मंडी को लेकर श्रीराम सेना का अल्टीमेटम

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज क्षेत्र के महादेव मंदिर के पास सौ मीटर के दायरे में मछली की और पुल पर मीट की दुकानें लगती हैं। इसको लेकर श्री राम सेना के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने अल्टीमेटम दिया है कि 24 घंटे के भीतर दुकानें न हटीं तो मामला मुख्यमंत्री के पास ले जाया जाएगा। साथ ही यहां धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। आरोप लगाया है कि इन दुकानों का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। नगर पंचायत गोसाईगंज की अधिशासी अधिकारी सीमा राय का कहना है कि दुकानदारों को नोटिस जारी की गई थी, लेकिन उन लोगों ने ध्यान ही नहीं दिया।

### घायल श्रद्धालु की इलाज के दौरान मौत, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत लता चौक के पास बीते दिनों ई-रिक्शा की टक्कर से घायल एक श्रद्धालु की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संबंधित ई-रिक्शा के नंबर के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में ओमपाल निवासी ग्राम छावड़ा थाना कोढ़ फतेहगढ़ जिला संभल ने बताया कि वह 23 जून को हरिओम, जसवीर, सुभाष, रवि, राजेश आदि राम मंदिर दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए थे। शाम करीब पांच बजे लता चौक के पास एक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें हरिओम, जसवीर, सुभाष व रवि को काफी चोटें आईं। पुलिस ने इन्हें श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से सभी को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। यहां भी हालत में सुधार न होने पर देर रात जसवीर व हरिओम को लखनऊ रेफर कर दिया गया था। 27 जून की देर रात हरिओम (32) पुत्र जमुना प्रसाद की मौत हो गई। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### अधिवेशन में कौशलेंद्र अध्यक्ष व आलोक मंत्री चुने गए



कार्यकारिणी के गठन के बाद शपथ लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में सर्व सम्मत से जिला कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। दूसरी बार कौशलेंद्र सिंह अध्यक्ष और आलोक पाठक मंत्री चुने गए। प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम मे कर्मचारी नेताओं ने संगठन की मजबूती और दूसरे कर्मचारी संगठनों के साथ बेहतर तालमेल के साथ काम करने की बात कही। बदलते दौर में बदली रणनीति की जरूर बताई। संगठन के संरक्षक वीरेश चन्द्र वर्मा, प्रांतीय शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, पूर्व बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी देवमती, पूर्व प्रधान सहायक गुलाब चन्द्र पाण्डेय ने संबोधित किया। बैठक में अध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने दो साल के कार्यकाल की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने आय-व्यय प्रस्तुत किया। अध्यक्ष ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा। वीरेश चन्द्र वर्मा सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाए गए। चुनाव में पीयूष मौर्य उपाध्यक्ष, सिया नाथ शर्मा सांस्कृतिक सचिव, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, पवन कुमार श्रीवास्तव संप्रेक्षक, स्वाती वर्मा संगठन सचिव चुनी गई। चुनाव अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण कराया गया।

**आस्था** | मुंबई के कारीगर तैयार कर रहे 5-5 किलो के दो झूले

# सोने के हिंडोले पर झूला-झूलेंगे रामलला और राजाराम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सावन माह के झूलनोत्सव में पहली बार रामलला सोने के हिंडोले पर झूला झूलेंगे। इसके लिए मुंबई के कारीगरों के द्वारा 5-5 किलो के दो झूले तैयार कर रहे है, जिस पर हीरे और पन्ना जैसे धातु जड़ित होंगे। इसे 26 जुलाई तक तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौप दिया जाएगा। भव्य उत्सव के साथ श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि को भूतल पर रामलला और प्रथम तल पर माता सीता संग विराजमान राजाराम की उत्सव मूर्ति को झूलों पर विराजमान कराया जाएगा। इस आयोजन का लाइव प्रसारण भी कराए जाने की तैयारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है।





ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक उत्सव के दौरान प्रतिनिधि भगवान के विग्रह को स्नान, अभिषेक व पूजन के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पहली बार भव्य स्वरूप ले रहा है। लाखों की संख्या में लोग प्रतिदिन भगवान के इस अलौकिक और अद्भुत स्वरूप का दर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान भगवान के समक्ष प्रतिदिन भजन गायन और उत्सव का आयोजन किया जायेगा। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट की धार्मिक समिति के सदस्य महंत मिथिलेश नंदनी शरण ने बताया कि भूतल पर रामलला और पहले तल पर राजाराम अपने दरबार में बैठ चुके हैं। उन्होंने बताया कि सावन में भगवान राम को झूले पर झुलाया जाता रहा है और रामलला पहले चांदी का झूला देख चुके हैं। अब भक्त अपने आराध्य को सोने के झूले पर झूला झूलते हुए देखेंगे।

### कारोबारी का 175 किलो सोने का गुप्तदान

धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि मुंबई के कारोबारी ने गुप्तदान में 175 किलो सोना ट्रस्ट को समर्पित किया है, जिसे कलश और दरवाजे पर लगाया गया है। हम रामलला के हर आयोजन को उत्सव की तरह मनाते हैं। इस बार सावन में भक्त अपने प्रभु को सोने के झूले में झूला झूलते देखेंगे।

## कनिष्ठ सहायक परीक्षा में 41 फीसदी अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**अयोध्या, अमृत विचार:** सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक की लिखित परीक्षा में 41 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। रविवार को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर 7248 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन 2940 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा एक पाली 10 से 12 बजे के बीच 16 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 4308 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, 2940 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# डीएम ने चार लाभार्थियों को दिया डेमो चेक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** दानवीर भामाशाह जन्म दिवस पर जिला प्रशासन एवं राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकबरपुर चन्द्र प्रकाश वर्मा, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री युवा योजना के अंतर्गत किया वितरण**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष और जिलाधिकारी ने भामाशाह जी के फोटो के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत कलाकार उपमा पाण्डेय तथा सचिन गिरी ने भामाशाह के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जनपद में सर्वाधिक नेट टैक्स देने वाले व्यापारियों और उद्यमियों को भामाशाह पुरस्कार से तथा जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों को उनके प्रशंसनीय कार्यों के लिए भी सम्मानित किया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत 4 लाभार्थियों को डेमो चेक और मयूर इंस्टीट्यूट, अवध मेंशन, अमूल्य वाटर प्लांट तथा जय गुरुदेव को निवेश के लिए स्मृति चिह्न प्रदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

वहीं जिलाधिकारी कैंपस में दानवीर भामाशाह जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त राज्य कर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, प्रदीप शंकर गुप्ता तथा व्यापार एवं उद्योग बंधु के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता के आधार पर करें मरीजों का इलाज: डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण 01 से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर समीक्षा की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा

**सख्ती**

**जिलाधिकारी ने बीडीओ, केंद्र अधीक्षकों को दिए निर्देश**

अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, केंद्र अधीक्षकों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन के लिए अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाएं तथा सभी विभागों को निर्देश दिए कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें।



संचारी और दस्तक अभियान की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में मौजूद सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल। अमृत विचार

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएन यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केंद्र अधिक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एसएमओ डब्लूएचओ डीएमसी यूनिसेफ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चोरों ने घर को बनाया निशाना, लाखों रुपये का सामान किया पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** सुनसान घर पाकर उक्त घर को चोरों ने बनाया निशाना। जहां से लाखों रुपए चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर बाकरगंज का है। जहां के मोहम्मद नासिर परिवार के साथ मुंबई चले गए थे और गांव के ही किसी व्यक्ति को रखवाली के लिए कह कर गए थे, लेकिन रविवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर घर का दरवाजे का ताला तोडक़र सारे सामान तीतर-बीतर कर दिए और उपयोगी सामानों को उठा ले गए। जब सुबह ग्रामीणों को चोरी की भनक लगी तो ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मकान मालिक मोहम्मद नासिर को दी गई, जो मौजूदा समय में मुंबई में है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। वहीं मकान मालिक के न होने के चलते कितने का चोरी हुआ क्या-क्या सामान गया इसकी कोई जानकारी नहीं हो पा रही है। न ही पुलिस को कोई तहरीर दी गई है। वहीं मकान मालिक घटना की सूचना के बाद मुंबई से घर के लिए निकल चुके हैं।

### लड़की के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़:** पवई थाना की पुलिस ने लड़की के अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी आदर्श कुमार उर्फ जग्गी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला न्यायालय चालान कर दिया है। बीते 25 जून को एक महिला ने पवई थाने पर तहरीर देकर बताया था कि जौनपुर जिला अंतर्गत थाना सरपतहां के असेथा बलजोरपट्टी निवासी आदर्श कुमार उर्फ जग्गी ने शादी का झांसा देकर मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई। रविवार को उप निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी आदर्श कुमार उर्फ जग्गी बागबाहर चौराहे पर मौजूद है। पुलिस ने पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जिला न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

### वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

**आजमगढ़:** मेंहनगर थाना क्षेत्र के रामपुर बढ़ौना गांव में रविवार की सुबह शौच करने गए वृद्ध की नदी में डूबने से मौत हो गई। क्षेत्र के रामपुर बढ़ौना निवासी हरिलाल प्रजापति उत्तर प्रदेश राज्य सेवा अंतर्गत माली पद से सेवानिवृत हुए थे। रविवार की सुबह वह शौच करने के लिए गांव के उत्तर दिशा में बह रही बेसों नदी के किनारे गए थे। शौच करने के बाद वह नदी में पैर धोने उतरे, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नदी के तेज प्रवाह में बह गए। जानकारी होने पर उनके परिजन और सैकड़ो लोग नदी में उतरकर उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लगभग एक घंटे के बाद हरिलाल का शव गांव के कुछ दूरी पर नदी में तैरता हुआ मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। हरिलाल के दो पुत्र एवं एक पुत्री सभी विवाहित हैं।

# मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस में रहें सतर्क

## डीएम ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा-मोहर्रम में कोई भी नई परंपरा कायम नहीं की जाए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मोहर्रम के त्योहार को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त ताजिया समिति के आयोजकों के साथ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के एडिटोरियम हॉल में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित समिति के आयोजकों से एक-एक करके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए।

बता दें कि विगत वर्ष की भांति 27 और 28 जून से मोहर्रम प्रारंभ होकर मुख्य पर्व चंद्र दर्शन के अनुसार 6 और 7 जुलाई को दशवीं तक परंपरागत रूप से मनाया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहार की सातवीं, आठवीं, नवीं और दसवीं की तिथि अति महत्वपूर्ण है, जिसमें विभिन्न



बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार। अमृत विचार

आयोजकों द्वारा जुलूस निकाला जाता है। इन तिथियां में सतर्क रहने की आवश्यकता है। मोहर्रम में कोई भी नई परंपरा कायम नहीं की जाए। त्योहार में किसी भी आयोजन से पूर्व आयोजन को सक्षम अधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सभी संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। ताकि हर हाल में जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार को संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने अपील किया कि गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए त्योहार को मनाएं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ तथा ईओ नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई पूर्व से करा लिया जाए तथा बारिश के पानी के निकलने की समुचित व्यवस्था भी किया जाए। त्योहार में विद्युत उपलब्धता बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया। ताजिया परंपरागत रूप से निकाली जाए। जुलूस सामान्य रूप से निकाली जाए। जुलूस आयोजक पहले से ही एसडीएम तथा सीओ को सूचना अवश्य दे दें।

**परंपरागत रूप से मनाया जाए त्योहार:** जिलाधिकारी ने कहा कि जुलूस निकलने का समय निर्धारित किया जाए कि जुलूस कब शुरू होगा और कब समाप्त होगा तथा उसका कड़ाई से पालन भी किया जाए। त्योहार परंपरागत रूप से मनाया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल को निर्देशित किया कि त्योहार के दिन समस्त एंबुलेंस को चालू हालत में रखा जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, त्योहार में लगाएं गए अधिकारी, कर्मचारी और मुस्लिम धर्मगुरु उपस्थित रहे।

### ईओ शहर के विभिन्न स्थानों को कराएं अतिक्रमण मुक्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के ब्लैक स्पाटों पर आवश्यक कार्रवाई कराई जाए। जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लायी जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र कुमार यादव को निर्देशित किया कि ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध सघन प्रवर्तन कार्रवाई की जाए, जो लोग नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाएं, उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वाले के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन के सहयोग से शहर के विभिन्न स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एनएचएआई को निर्देश दिया गया कि एनएचएआई के मार्गों पर स्पीड लिमिट के संबंध में साइन बोर्ड लगवाया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेंद्र कुमार यादव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सौरभ सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में किसानों के लिए कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा शुरू हो गई है। किसानों को इन यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जुलाई है। उप निदेशक कृषि डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत विभिन्न कृषि यंत्र उपलब्ध हैं। इनमें रोटावेटर, पावर ऑपरेटेड चिप कटर, कंबाइन हार्वेस्टर, हैरो और कल्टीवेटर शामिल हैं। हायरिंग सेंटर ग्रामीण उद्यमी को 40 प्रतिशत और फार्म मशीनरी बैंक एफपीओ को 80 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। इसके अलावा सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, मेज सेलर, मिनी दाल मिल, मिनी राइस मिल और किसान ड्रोन जैसे उपकरणों पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। किसान बेबसाइट पर जाकर यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग प्रक्रिया में पहले पंजीकृत मोबाइल नंबर और ओटीपी डालना होगा। फिर योजना का चयन कर जिला या ब्लॉक सिलेक्ट करना होगा। अंत में लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

### अभियान चलाकर हटाया जाएगा अवैध कब्जा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जलालपुर तहसील प्रशासन और नगर पालिका द्वारा सडक़ के किनारे बनी नालियों तक किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए एक्शन मोड में है जो अलाउंस कर अतिक्रमणकारियों को 30 जून तक हटाने का आदेश दिया गया है। बता दें कि जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमाकारियों द्वारा सडक़ की पटरियो तक अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते रोड सकरी हो गई है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही प्रतिदिन जाम की व्यवस्था उत्पन्न हो जाती है। जिसके चलते घंटे घंटे तक जाम लगा रहता है, लेकिन अब इससे निजात दिलाने के लिए तहसील प्रशासन और नगर पालिका ने कमर कस लिया है और रविवार को ऐसे अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि जो लोग मालीपुर रोड से रामगढ़ रोड, सुरहुरपुर रोड, यादव चौराहा से मित्तूपुर रोड, अकबरपुर रोड, यादव चौराहा से उर्दू बाजार में पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए गए नाले तक अतिक्रमण कर लिए हैं वह लोग 30 जून तक स्वयं हटा ले अन्यथा 1 जुलाई को तहसील प्रशासन व नगर पालिका संयुक्त कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक हटाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से शुरू किया जाएगा और लोगों को चेतावनी भी दे दी गई है कि जो लोग अतिक्रमण किए हैं वह स्वयं हटा लें।

### अजादार गमें हुसैन में गुजारें अधिक समय



इमामबाड़ा मीरानपुर से निकले जुलूस वरूदे कर्बला में शामिल अमारियां।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** इंसान के लिए दीन और दुनिया दोनों ही जरूरी है, इन्हें छोड़ा नहीं जा सकता है। जीवन में मुहर्रम का महीना बार-बार आना हम सब का सौभाग्य है। यह बात मुंबई से आए मौलाना जाफर मेहदी ने कही। वह शनिवार की रात्रि में मीरानपुर निवासी परवेज मेहदी के आवास पर दूसरी मुहर्रम की परम्परागत मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि अय्यामे अजा और विशेष कर अशर, मुहर्रम के दरम्यान व्यक्तिगत कार्यों को छोडक़र इन दिनों में अधिक से अधिक समय मजलिसों-मातम के माध्यम से गमें हुसैन में गुजारें, यही कर्बला के शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। दानिश अली ने नौहा पढ़ा। इसी कड़ी में अंजुमन अकबरिया के तत्वावधान में जुलूसे वरूदे कर्बला का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें सचिव इम्तियाज हुसैन, रेहान जैदी, अलमदार, अरशद, बरकी आदि की भूमिका रही। अमारियों और दुलदुल का परिचय मौलवी जर्रार हुसैन ने कराया। अंजुमन अकबरिया के नौहाखान असरार हुसैन, मिर्जा वसी हसन, रजी, डेविड आदि ने असर अकबरपुरी का नौहा छोडक़र वतन अपना होके गमजदा शब्बीर, दूसरी मोहर्रम को आए कर्बला शब्बीर पढ़ा। तत्पश्चात भादी-शाहगंज, टांडा, जलालपुर तथा अब्दुल्लाहपुर के मातमी दस्तों ने रातभर नौहाखानी-सीनाजनी कर कर्बला के 72 बलिदानियों के प्रति आस्था प्रकट की। पुलिस प्रशासन की चौकस व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे जुलूस अयोध्या मार्ग से होकर अंबेडकर पार्क के समीप कर्बला पहुंचा। जहां मौलाना गुलाम मुर्तुजा जैदी की तकरीर द्वारा अंतिम तकरीर की गई।

### मजलिसों में उमड़ा अजादारों का हुजूम

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** नगर के मुहल्ला जाफराबाद स्थित तीसरी मोहर्रम के मातमी जुलूस का आगाज़ बड़े इमाम बारगाह पर हैदर मेहंदी की हदीस ख्वानी के बाद अंजुमन अब्बासिया के रवायती नौहे से हुआ अंजुमन ने नौहा पढ़ा मक़तल की सरजमीं पर रोता है जुलजिनाह। कुरैशी खानदान की तरफ से उठने वाला परम्परागत मातमी जुलूस में हजऱत इमाम हुसैन की सवारी जुलजनाह की जियारत के बाद अजादारो ने फातेहा पढ़ा। जुलूस में अंजुमन अब्बासिया, जाफरिया, हुसैनिया, रौनक-ए-अजा, अजा-ए-हुसैन, अंजुमन काजिमया, अंजुमन जुलफेकारिया ने जाफराबाद मोहल्ला का भ्रमण कर नौहा ख्वानी व सीनाजनी किया। जुलूस देर रात पुन: बड़े इमाम बारगाह पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस की निगरानी कोतवाल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कर रहे थे। इसके अलावा मासूमिया इमाम बारगाह में हसन इमाम, सज्जादिया इमाम बारगाह, साजिद उर्दू बाबू, हाजी शब्बीर, हाजी इरफान, हाजी फईक हुसैन, सगीर हुसैन के आवास पर हुई मजलिसों में अजादार कर्बला के वाकयात को सुन कर आंखें नम कर रहे हैं। देर रात्रि तक छोटे इमाम बारगाह, बड़े इमाम बारगाह पर आयोजित मजलिसों में अजादारो का हुजूम उमड़ रहा है। वहीं सोनगांव, पेठिया, कर्बला हुसैनपुर, मछलीगांव समेत मुस्लिम बहुल इलाकों में मजलिस व मातम का सिलसिला जारी है।

### नौकरी की 27वीं वर्षगांठ पर किया रक्तदान



रक्तदान करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में सभी कर्मचारी। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार:** जिलाधिकारी के ओएसडी शिवकुमार विश्वकर्मा की नौकरी की 27वीं वर्षगांठ पर रविवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिवकुमार विश्वकर्मा की इस पहल की लोगों ने खूब प्रशंसा की। शिवकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नौकरी की 27वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए उन्होंने रक्तदान करने का निर्णय लिया, जिसमें उनके सहकर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने रक्तदान किया। उन्होंने आमजन से भी रक्तदान करने की अपील की। इसके लिए उन्होंने एक स्लोगन भी दिया "मेरा दिल कहता है बार-बार जन्मदिन पर हर वर्ष करें रक्तदान"। इस मौके पर चालक रामसेवक, संजय कनौजिया, संजय कुमार यादव, रामधनी पाण्डेय, राजेश कुमार राय, जयश्री यादव ने भी रक्तदान किया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया जा रहा कार्य प्रेरणादायी कदम : लालजी

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. शरद यादव की पत्नी स्व. श्रद्धा यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर ट्रस्ट के द्वारा 55 गरीब और असहाय महिलाओं को रोजगार सृजन के लिए सिलाई मशीन का वितरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने स्व. श्रद्धा यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री एवं सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे इस कार्य से महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उनके रोजगार सृजन के लिए एक सृजनात्मक कार्य के साथ-साथ प्रेरणादायी कदम है। जिसके लिए स्वर्गीय श्रद्धा यादव का प्रयास प्रेरणादाई था। पूर्व मंत्री एवं अकबरपुर विधायक रामचंद्र राजभर ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा निशुल्क वितरित किए जा रहे सिलाई मशीनों से समाज के निचले पायदान पर खड़े परिवार को आत्मनिर्भर होने का मौका मिलेगा। पूर्व मंत्री टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा महिला सशक्तिकरण की ही दिशा में नहीं बल्कि विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहा कार्य सराहनीय है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुरजीत वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष किछौछा ओमकर गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर प्रतिमा यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा सहित कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शरद यादव और उनके पिता वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जावेद राइन, सचिव मोहम्मद इरफान, मोनू राइन, बजरंग सिंह, सलिल यादव, हिमांशु सोनी, राजू सिंह, कुमेल अहमद और सुभाष गुप्ता आदि लोग रहे।



लाभार्थी महिला को सिलाई मशीन वितरित करते सांसद लालजी वर्मा व साथ में ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद यादव व अन्य। अमृत विचार

**श्रद्धा यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर महिलाओं को 55 सिलाई मशीनों का किया गया वितरण**

# 724 बूथों पर 18 हजार 107 लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** प्रत्येक माह होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जनपद की बूथों में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि, बूथों पर मां के नाम एक पौधे का रोपड़ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम को जनपद की 1724 बूथों पर 18107 लोगों ने सुना।

विधान सभा क्षेत्र टांडा के सद्दरपुर मंडल की बूथ संख्या 14 सलेमपुर में पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं एक पेड़ मां के नाम का पौधारोपण करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को देश की 22 भाषाओं और कई स्थानीय बोलियों में प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की चर्चा करते हुए 123वें मन की बात कार्यक्रम के एपिसोड की शुरुआत किया। मोदी ने कहा कि योग अब सिर्फ भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है। तीर्थ यात्राओं की चर्चा करते हुए मोदी ने तीर्थ यात्राओं में जुटे सेवा भाव और स्वैच्छिक संगठनों की भी सराहना की।

इस दौरान एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, प्रतिनिधि आनंद वर्मा, पूर्व चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, रमेश चंद्र गुप्ता, सुमन पाण्डेय, डॉ. रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, दिलीप पटेल देव, जिला मंत्री संजय सिंह, चंद्रिका प्रसाद, विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, दीपक तिवारी, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित हजारों लोग शामिल रहे।

**आयोजन** — उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में 11 हजार 856 छात्र थे पंजीकृत, 6 हजार 473 छात्रों ने दी परीक्षा

# यूपीएसएसएससी की परीक्षा में अनुपस्थित रहे पांच हजार 191 छात्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के 26 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कनिष्क सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्टर तृतीय की मुख्य परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने के बार अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस लिया।

परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा में 11 हजार 856 छात्र पंजीकृत थे। जिनमें से 6 हजार 473 छात्र ही परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 5 हजार 191 छात्रों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा में 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 26 केंद्र व्यवस्थापकों ने निगरानी में लगे रहे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के सकुशल संचालन, आयोजन के प्रति स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। कनिष्क सहायक, कनिष्क लिपिक और सहायक स्टार तृतीय की मुख्य परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने परीक्षा केंद्र जनता इंटर कॉलेज महरुआ गोला, परीक्षा केंद्र रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों और एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने संयुकत रूप से जेलटली इंटर कॉलेज, रामाबाई गर्वमेंट पीजी कॉलेज व राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में में बने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और परीक्षा में लगाए गए कार्मिकों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा की समस्त गतिविधियों को सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से परीक्षा कक्षों में संचालित हो रही परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का भी भ्रमण किया तथा कक्ष निरीक्षकों से आयोग के निर्देशानुसार नकल विहीन और सकुशल परीक्षा संपन्न करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए तैनात किए गए सभी मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों को नियमित सतर्क रहकर परीक्षा की समस्त गतिविधियों को संचालन के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संचालित पाई गई।

### परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े प्रबंध

प्रशासन ने परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे। प्रत्येक केंद्र पर परीक्षार्थियों की गेट पर चेकिंग के बाद छात्रों को परीक्षा के लिए प्रवेश मिला। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई। परीक्षा की जिला मुख्यालय और आयोग मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की गई। प्रशासन सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर परीक्षा से जुड़ी भ्रामक या अपुष्ट खबरों पर नजर बनाए हुए था। नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा कराने के लिए एलआईयू को सक्रिय किया गया था। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई थी।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

# स्कूल बंद होने पर शिक्षा से वंचित होंगी बालिकाएं

संवाददाता, गोंडा

▸▸ विद्यालय मर्जर के विरोध में यूटा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** न्यूनतम छात्र संख्या को आधार पर विभिन्न परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग/मर्ज किये जाने के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने रविवार को जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह की अगुवाई में तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। यूटा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आबादी से निकटतम दूरी में विद्यालयों की स्थापना होने से बालिकाओं को आसानी के साथ भयमुक्त माहौल में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होता है। यदि छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय बंद कर दिये जायेंगें तो तमाम बालिकाएं शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित हो जायेंगी।

विधायक के समक्ष शिक्षकों की पीड़ा को व्यक्त करते हुए रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ व सुगम बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में यह उल्लेख किया गया है प्रत्येक 300 की आबादी वाले मजरे/गांवों में और प्रत्येक 1 किमी के दायरे पर प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जायेगी। किसी भी गांव/मजरे में स्थापित प्राथमिक विद्यालयों को सिर्फ गिनती में समेटना गैर-संवैधानिक है। हमारे प्राथमिक विद्यालयों में समाज की मूल धारा से संबंधित बच्चों के अतिरिक्त वंचित, शोषित, कमजोर वर्ग संबंधित बच्चे भी शिक्षित होकर राष्ट्र के सजग प्रहरी बनने की ओर अग्रसर होते हैं। विद्यालयों की संख्या घटने से रसोइयों की छंटनी होने की आशंका है। शिक्षकों के नवीन पद भी कम हो जायेंगें जिससे कि तमाम युवाओं के समक्ष बेरोजगारी का संकट भी बढ़ने की आशंका रहेगी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि वह शिक्षकों व यूटा की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर यथोचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगें।



विधायक प्रेम नरायन पांडेय को ज्ञापन देते यूटा पदाधिकारी। अमृत विचार

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में हेमंत तिवारी आत्रेय मिश्रा, गिरीश कुमार पाण्डेय, सुनील विश्वकर्मा अमित पाण्डेय, बृजभूषण पाण्डेय, अरुण मिश्रा, जितेन्द्र मौर्य, विनय मिश्रा, उपेंद्र सिंह, विकास मौर्य, रवि पाठक, रवि द्विवेदी, शिवनारायण पाण्डेय रंजीत कुमार, सुधाकर त्रिवेदी, विपिन कुमार मिश्र, भीमसेन तिवारी, निरंकार सिंह, अमित सिंह, चंद्र भूषण सिंह, रितेश यादव, अनिल उपाध्याय, हरिओम सिंह, देवधर द्विवेदी, अजय सिंह, आलोक सिंह, सुमित सिंह, संजय कुमार, प्रभाकर मिश्रा, विवेक मिश्रा, अजय पति मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, अमित त्रिपाठी, बजरंग त्रिपाठी, राम विलास वर्मा, विनय मौर्य, सुनील श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अखण्ड प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, देव नारायन, प्रवीण कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे।

## एक नजर

### स्वास्थ्य मेले में 2283 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** रविवार को जनपद बलरामपुर के इक्कतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2283 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया , जिसमें 878 पुरुष , 821 महिलाएं तथा 584 बच्चे शामिल हैं ।

### प्रो. पीसी महालनोबिस को जयंती पर किया गया याद

**बलरामपुर।** भारतीय सांख्यिकी गणनाओं के जनक प्रो . पीसी महालनोबिस की जयंती पर रविवार को विकास भवन स्थित जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो . महालनोबिस के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। डीएसटीओ डॉ . मोहम्मद नासेह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रो . प्रशांत चंद्र महालनोबिस की खोजी गई प्रणाली से जनसंख्या का पता लगाने, आर्थिक गणनाओं व विभागीय कार्यों के मूल्यांकन जैसी कार्ययोजनाएं तैयार की जाती है।

### बिजली कर्मचारियों के लिए लड़ाई लड़ेगी भाकपा

**बलरामपुर।** बिजली कर्मचारियों के हित में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। भीखमपुर गांव में स्थित पार्टी के कार्यालय पर रविवार को बैठक करके पदाधिकारियों ने बिजली कर्मचारियों को समर्थन दिया है। पावर कारपोरेशन को निजी हाथों में बेचे जाने का विरोध जताया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिला सचिव कामरेड हाजी नब्बन खां ने कहा कि बिजली कर्मचारियों को बेरोजगार होने से बचाने के लिए पार्टी हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कार्यकारिणी सदस्य कामरेड कल्लू सिंह चौहान ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ने गरीबों, मजदूरों व मजलूमों की आवाज बनकर न्याय दिलाने का काम किया है।

### किसानों की आय बढ़ाने को सरकार प्रतिबद्ध : शशांक

**बलरामपुर।** ग्राम पंचायत बनघुसरा में गन्ना विकास परिषद की ओर से मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने की तकनीकी जानकारी दी गई और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शशांक वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखने लगा है। किसान अब जागरूक हो रहे हैं और उन्नत खेती की ओर बढ़ रहे हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने कहा कि गन्ना किसानों की आय का प्रमुख स्रोत है और इसी को ध्यान में रखते हुए न्याय पंचायत स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# चाचा ने दुष्कर्म के बाद की थी भतीजी की हत्या

## पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** कौड़िया थाना क्षेत्र के नेवादा हाशिमपुर गांव में शनिवार की शाम झाड़ियों के बीच एक मासूम बच्ची का शव मिलने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मासूम बच्ची की हत्या उसके सगे चाचा ने की थी। हत्या से पहले आरोपी चाचा ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चाचा के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। रिश्तों को शर्मसार करने वाली इस घिनौनी वारदात से गांव के लोग सन्न हैं।

कौड़िया थाना क्षेत्र के नेवादा हाशिमपुर गांव की रहने वाली 8 साल की एक मासूम बच्ची शनिवार की सुबह आम बीनने के लिए घर से बाहर निकलकर बाग की तरफ गयी थी लेकीन वह दोपहर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिवार के साथ गांव के लोग भी बच्ची की तलाश में लगे थे। दोपहर बाद बच्ची का



आरोपी छोटू।

शव गांव के बाहर झाड़ियों के बीच पड़ा मिला था। इस घटना से गांव में दहशत फैल गयी थी। ग्रामीणों ने बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जतायी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुटी थी। एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस की पांच टीमों को घटना के खुलासे में लगाया था। पुलिस की छानबीन में मृतक बच्ची की मां ने अपने सगे देवर पर घटना को अंजाम देने की आशंका जतायी थी। इस पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मृतका के सगे चाचा छोटू को हिरासत में ले लिया। छोटू ने पूछताछ के दौरान घटना को

फॉलोअप

▸▸ आम बीनने निकली 8 साल की बच्ची का शनिवार की शाम झाड़ियों में मिला था शव

अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस के मुताबिक छोटू नशे का आदी है।

शनिवार को जब उसने मासूम भतीजी को अकेले बाग की तरफ जाते देखा तो वह भी उसके पीछे चला गया। वहां उसने बच्ची के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया और गला दबाकर हत्या कर दी। घटना को छिपाने के लिए आरोपी ने मासूम के शव को झाड़ियों के बीच फेंककर उसे पत्ती से ढक दिया और फरार हो गया। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# उप निबंधक कार्यालय स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं का विरोध तेज

संवाददाता, बलरामपुर

आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** स्टांप मूल्य में भारी वृद्धि और उप निबंधक कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्ट्रेट बार संघ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो सड़कों पर आंदोलन होगा।

बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा स्टांप शुल्क में भारी वृद्धि कर आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही उप निबंधक कार्यालय को शहर से दूर मंडी समिति भगवतीगंज स्थानांतरित कर दिया गया है जो पूरी तरह से अव्यवहारिक कदम है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय को तहसील या कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित करने का आश्वासन दिया था लेकिन इसके विपरीत प्रशासन ने मनमाना निर्णय लेते हुए कार्यालय को शहर से बाहर भेज दिया।

संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी ने चिंता जताई कि मंडी समिति का स्थान तहसील परिसर से लगभग तीन किलोमीटर दूर है और उस रास्ते में भारी यातायात रहता है जिससे आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इससे न केवल जनता परेशान होगी बल्कि अधिवक्ताओं के कार्यों में भी बाधा आएगी।

अधिवक्ता नेता मृगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वकील अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। यदि प्रशासन ने जल्द कोई समाधान नहीं निकाला तो अधिवक्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अधिवक्ताओं ने चेताया है कि वे तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक स्टांप मूल्य में की गई वृद्धि वापस नहीं ली जाती और उप निबंधक कार्यालय को फिर से शहर के सुगम स्थल पर स्थानांतरित नहीं किया जाता।

# संचारी रोगों पर एक साथ वार करेगी 12 विभागों की टीम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान पहली जुलाई से एक माह तक चलेगा। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा व पंचायती राज विभाग के साथ 12 विभागों की टीम शामिल की गई है।

डीएम पवन अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करके संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर एक साथ काम करें। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने एक माह तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की विस्तृत कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। एसीएमओ व नोडल डॉ. संतोष श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभियान के तहत संचारी तथा जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर साफ-सफाई कराकर कीटनाशक व एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया जाएगा।

# 7 साल के बच्चे के साथ बर्बरता, मुंह में टेप चिपकाकर बांधा, बेरहमी से पीटा

संवाददाता, बलरामपुर

▸▸ पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**अमृत विचार।** थाना गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के लखाही गांव में एक 7 वर्षीय मासूम बच्चे शर्फुद्दीन के साथ बर्बरता की घटना सामने आई है। आरोप है कि कुछ युवकों ने बच्चे को कब्रिस्तान के पास बने एक शौचालय में जबरन बंद कर दिया और उसके मुंह में टेप लगाकर केबल से बांधकर बेरहमी से पीटा।

बच्चे के बड़े भाई सलाहुद्दीन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जब शर्फुद्दीन गांव की मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे शौचालय में बंद कर जानलेवा हमला किया। हमले में बच्चे के गले पर उंगलियों के निशान मिले हैं, जिससे गला घोंटने की भी आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने बच्चे को गंभीर हालत में जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। इस बर्बरता का एक 40 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शर्फुद्दीन लहूलुहान दिख रहा है।

गौरा चौराहा के थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने पुष्टि की है कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिल गई है और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

## सार-संक्षेप

### सनातन धर्म और इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य



गौ सेवा संरक्षण समिति की बैठक में विचार रखते विभाग संयोजक शारदाकांत पांडेय।

**गोंडा :** गौ माता सेवा संरक्षण एवं संवर्धन जिला समिति की बैठक चौधरी चरण सिंह डाक बंगला में आयोजित हुई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे ने कहा कि गौ गंगा और गीता पर सनातन धर्म है। इसकी उपेक्षा कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यह गोनार्द की भूमि है। यहां पर गौ माता व गौवंश का संरक्षण व संवर्धन प्रत्येक हिंदू की नैतिक जिम्मेदारी है। बताया कि जिले में 131 गौ आश्रय केंद्र हैं जिसमें 130 संचालित हैं। जिस केंद्र पर गौ माता की उपेक्षा होगी वहां पर संचालक व जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कठोर कारवाई कराके क्षेत्र में समाज की सेवा व गौ माता को आस्था के दृष्ट से देखने वाले स्वयं सहायता समूह सोसाइटी संस्था समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाएगा। बैठक में विहिप बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, लघु उद्योग भारती, सामग्र गंगा, उद्योग व्यापार मंडल मानव सेवा संस्थान दशरथ गौ सेवा संस्थान आर्य समाज गायत्री परिवार गंगा समिति आदि कई संगठनों के पदाधिकारी बंधु उपस्थित हुए। विहिप के सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष रामानंद तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक आकाश सागर, भूपेंद्र आर्य डॉ, पवन कुमार रामानंद तिवारी, श्री नारायण पांडे, शिवम मिश्रा शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, राजेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, दयाशंकर पांडे बब्बू शुक्ला, धनंजय मणि आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### फिर से जारी हुआ इटियाथोक बाबागंज मार्ग का टेंडर



इटियाथोक बाबागंज की खस्ताहाल सड़क। अमृत विचार

**गोंडा :** जिले की बहुचर्चित इटियाथोक बाबागंज मार्ग का टेंडर एक बार फिर से जारी हो गया है। आगामी जुलाई महीने में इसकी प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने केसृ हा सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। सड़क निर्माण का टेंडर जारी कराने के स्थानीय विधायक के प्रयास की लोग सराहना कर रहे है। मेहनौन विधानसभा की बाबागंज इटियाथोक की सड़क बेहद खस्ताहाल स्थिति में है। 20 किमी लंबी इस सड़क से गुजरना बेहद मुश्किल है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील है। कई सालों से इस सड़क के निर्माण की मांग उठ रही है। विधायक विनय द्विवेदी पिछले तीन साल में तीन बार इस सड़क निर्माण की स्वीकृति करा चुके हैं लेकिन हर बार टेंडर निरस्त हो जाता है। इसको लेकर उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने इस सड़क निर्माण के लिए 57 करोड़ रुपये के बजट स्वीकृत किया था। लोक निर्माण विभाग ने इसका टेंडर भी करा दिया था लेकिन जिले के सांसद व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने टेंडर में अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसे निरस्त कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। सांसद के पत्र पर इटियाथोक बाबागंज मार्ग समेत मंडल की 10 सड़कों का टेंडर रद्द कर दिया गया था। टेंडर रद्द होने के बाद इस सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय स्तर पर राजनीति शुरू हो गयी थी। लोग सड़क निर्माण को लेकर सवाल उठा रहे थे। वहीं छात्र पंचायत इस सड़क निर्माण को लेकर आंदोलन चला रही थी। जिससे स्थानीय विधायक की फजीहत हो रही थी। हालांकि वह सड़क निर्माण के टेंडर को लेकर लगातार प्रयास में जुटे थे। विधायक के प्रयास पर एक बार फिर से इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी हो गया है। टेंडर की प्रक्रिया जुलाई महीने में पूरा होने की उम्मीद है। इसके पूरा होते ही सड़क निर्माण शुरू हो जायेगा।

### सरकारी केंद्रों को खरीद का लक्ष्य कम, मक्का किसान परेशान

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीद का लक्ष्य लगभग पूरा हो चुका है। लक्ष्य कम निर्धारित होने के कारण अब क्रय केंद्रों पर खरीद कार्य ठप पड़ता नजर आ रहा है। इससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान क्रय केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। केंद्र प्रभारी लक्ष्य पूरा होने की दुहाई देकर मक्का खरीदने से हाथ खड़े कर रहे हैं जिले को वर्तमान खरीद सत्र में व 1000 क्विंटल मक्का खरीद का लक्ष्य दिया गया है। मक्का खरीद की शुरुआत 15 जून से हुई है और एक सप्ताह के भीतर ही यह लक्ष्य लगभग पूरा हो गया। वैसे तो खरीद सत्र 31 जुलाई तक चलेगा। नवीन गल्ला मंडी स्थित क्रय केंद्र को मात्र 200 किलो मक्का खरीदने का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 190 किलो की खरीद पहले ही हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लक्ष्य निर्धारित हो चुका है, ऐसे में अतिरिक्त मक्का खरीदने की अनुमति नहीं है। यही वजह है कि अब क्रय केंद्रों पर किसान भटक रहे हैं लेकिन उन्हें समर्थन मूल्य पर मक्का बेचने का अवसर नहीं मिल रहा। नवीन गल्ला मंडी पहुंचे कई किसान परेशान हैं। राजेंद्र ने बताया कि हम मक्का बेचने के लिए मंडी में जानकारी करने के लिए आए थे लेकिन पता चल रहा है कि जो खरीद लक्ष्य सरकार की ओर से मिला था वह लगभग लगभग पूरा हो चुका। किसानों ने बताया कि ऐसे हालातों में उन्हें मजबूरी वश प्राइवेट व्यापारियों को कम दाम पर मक्का बेचना पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि मक्का खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाए, जिससे वे अपनी फसल को समर्थन मूल्य पर बेच सकें। नवीन गल्ला मंडी में मक्का खरीद केंद्र के प्रभारी संदीप सिंह ने बताया की जो शासन की ओर से खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ,वह करीब करीब पूरा हो गया है। किसान केंद्र पर आ रहे हैं। समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है ,जैसा निर्देश मिलेगा वैसा किया जाएगा।

### सब्जी मंडी में गंदगी को लेकर मंडी सचिव सख्त



मंडी में जेसीबी से कूड़े की सफाई कराते जिम्मेदार। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** उतरौला रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी में सफाई कार्य तेजी से हो रहा है। सब्जी मंडी में निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर सचिव ने नाराजगी दिखाते हुए सफाई कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया था, सचिव के सख्त तेवर का असर है कि दो दिन में ही फल एवं सब्जी मंडी में काफी बदलाव देखा जा रहा है । साफ सफाई व्यवस्था चाक चौबंद की जा रही है। कई सफाई कर्मचारी एक साथ कर कार्य कर रहे हैं। जो भी सब्जी व फल का कूड़ा करकट निकल रहा है, उसको जेसीबी की सहायता से ट्रालियों में भरकर फेंका जा रहा है । लंबे समय से मंडी में फैली गंदगी और अव्यवस्था को लेकर व्यापारी व किसान शिकायत कर रहे थे, नए सचिव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंडी का निरीक्षण किया था और सफाई ठेकेदार को साफ सफाई व जल निकाशी व्यवस्था को सही करने का निर्देश दिया। सफाई ठेकेदार कर्मचारियों के साथ लगातार मंडी की सफाई में जुटे हुए हैं। मंडी सचिव ने निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडी में जगह-जगह कूड़े के ढेर, जलभराव और दुर्गंध को देखते हुए उन्होंने मंडी ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सफाई कर्मचारियों को लगाकर व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। सफाई कर्मचारी नियमित रूप से मंडी परिसर में झाड़ू लगाने, कूड़ा उठाने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने में जुट गए। सब्जी मंडी व्यापारी संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि लंबे समय से मंडी में सफाई को लेकर लापरवाही बरती जा रही थी, जिससे ग्राहक भी असहज महसूस करते थे। अब सचिव की सक्रियता से उम्मीद जगी है कि मंडी की पुरानी समस्याएं भी दूर होंगी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि यह सफाई व्यवस्था केवल कुछ दिन की न होकर नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए, जिससे मंडी का वातावरण साफ-सुथरा और ग्राहकों के अनुकूल बना रहे। फिलहाल मंडी परिसर के साफ सफाई व्यवस्था में काफी बदलाव देखा जा रहा है। मंडी निरीक्षक भूपेंद्र यति ने बताया कि साफ सफाई के निर्देश नवागत सचिव के द्वारा सफाई ठेकेदार को दिया गया था, जिसके क्रम में साफ सफाई कराई जा रही है। नियमित रूप से कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

# मनुस्मृति गर्व का विषय, कांग्रेस ने की संविधान से छेड़छाड़: बृजभूषण

▸▸ पूर्व सांसद ने राहुल गांधी को दी मनुस्मृति पढ़ने की नसीहत

**गोंडा, अमृत विचारः** संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी शब्द को लेकर छिड़ी बहस में कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। पूर्व सांसद ने कहा कि मनुस्मृति समाज में संतुलन बनाए रखने का काम करती थी। मनु स्मृति में एक व्यवस्था दी गयी थी कि समाज का संतुलन कैसे बना रहे। किस आधार पर समाज चले। उस समय का नियम था जिसको मनुस्मृति में लिखा गया है, लेकिन बाद में मनुस्मृति में कुछ छेड़छाड़ की गई और इसको केवल देश के अंदर विवाद पैदा करने के लिए किया गया। उन्होंने राहुल गांधी को भी मनु स्मृति पढ़ने की नसीहत दी। पूर्व सांसद राहुल गांधी के उस ट्वीट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि जिसमें राहुल ने कहा था कि संविधान बीजेपी और आरएसएस को चुभता है। बीजेपी को संविधान नहीं मनुस्मृति चाहिए जिससे देश के गरीबों को दोबारा गुलाम बनाया जा सके।

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को मनुस्मृति पढ़ना चाहिए। सवाल मनुस्मृति का नहीं है। तमाम महापुरुषों ने जब राज चलाया तो समाज को एक व्यवस्था देने का काम किया। जन्म के आधार पर न कोई शूद्र था न



बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद, भाजपा।

जन्म के आधार पर कोई वैश्य था, न जन्म के आधार पर कोई क्षत्रिय था। वेद व्यास को जो सम्मान द्वापर में प्राप्त है वह वेदव्यास कौन थे। मनुस्मृति में कर्म के आधार पर घटने और बढ़ने की व्यवस्था दी गयी है जो हम सबके लिए गर्व करने का विषय है। पूर्व सांसद ने उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के उस बयान का भी समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी दो शब्द नासूर बन गए हैं। जिस समय देश में आपातकाल लगा उस समय देश में तुष्टीकरण की राजनीति चल रही थी और उसी समय संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कई बार तुष्टीकरण के आधार पर संविधान में छेड़छाड़ करने का कार्य किया है। जिसके कारण आज नए नए विवाद हो रहे है। उन्होने कहा कि मैं भी आवश्यकता महसूस करता हूं कि जहां-जहां जिसके कारण समाज में तनाव पैदा होता हो या पैदा हो रहा है उन शब्दों को संविधान से हटाया जाना चाहिए।

भक्तिभाव

श्रीकृष्ण एवं सुदामा जी की नि :स्वार्थ मित्रता से सीख लेनी चाहिए : पंडित ऋषि देव शास्त्री

# श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



भागवत कथा मे सुदामा चरित्र का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नगर के एक मैरिज लान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी की अटूट मित्रता का प्रसंग सुनकर भक्त भावुक हो गये। कथा के बीच भजन सुनकर लोग झूम उठे। श्रीकृष्ण व सुदामा जी के जयकारे से पूरा पंडाल गूंज उठा।

प्रवाचक पंडित ऋषि देव शास्त्री ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा जी की निःस्वार्थ मित्रता से सीख लेनी चाहिए। तंगहाली के जीवन से निराश होकर सुदामा जी की पत्नी ने श्रीकृष्ण से सहायता मांगने के लिए उन्हें द्वारिका भेजा। मुख्यद्वार पर खड़े प्रहरियों से श्रीकृष्ण का मित्र बताते हुए सुदामा जी ने अंदर जाने का अनुरोध किया। सुदामा जी की दीन हीन दशा देखकर प्रहरियों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। एक द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को बताया कि सुदामा नाम का एक व्यक्ति आपको अपना मित्र बता रहा है। सुदामा जी का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव मुख्यद्वार की तरफ भागे। उन्होंने सुदामा जी को देखते ही गले से लगा लिया। मित्र की दीन हीन दशा देखकर श्रीकृष्ण रो पड़े। अपने हाथों से सुदामा जी के पैर धुलकर उन्हें सिंहासन पर बैठाया। श्रीकृष्ण के बार-बार पूछने के बाद भी सुदामा जी ने उनसे कोई मदद नहीं मांगी। सेवा सत्कार के बाद बिना कुछ मांगे जब वह अपने घर लौटे तो अपनी कुटिया न पाकर वह बहुत दुखी हो गये। कुटिया की जगह एक महल से जब उनकी पत्नी अच्छे वस्त्र एवं आभूषण पहने निकलीं तो वह आश्चर्य चकित हो गये। पत्नी ने जब उन्हें बताया कि यह सब श्रीकृष्ण की कृपा है तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। कथा के बाद आयोजक अशोक लाट, उमा लाट एवं विकास लाट ने आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर तमाम कथा प्रेमी मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**गोंडा** : वजीरगंज के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र मोहनपुर के बेलिया मजरे तिवारी व लोनियन पुरवा में बिजली विभाग की टीम ने अभियान चलाकर तीन लोगों को कटिया कनेक्शन से बिजली चोरी करने पर प्राथमिकी दर्ज करायी वहीं 10 बकायेदारों से 37,714 रुपये का बिजली बिल जमा कराया। बकाया न जमा करने पर 10 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।अवर अभियंता शिवकुमार ने बताया कि राममनोहर पुत्र बुधई निवासी बेलिया, अरमान अली व कलामुद्दीन निवासी परसापुर महडौर को कटिया लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ने पर विद्युत चोरी अधिनियम के तहत करवाई की गयी है। जांच के दौरान अंकित तिवारी, मोहित यादव, दीपक पासवान और पवन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### लेनदेन को लेकर मारपीट

**गोंडा** : वजीरगंज के ग्राम पंचायत कोठा के भितरी निवासी विनोद सिंह ने थाने पर तहरीर दिया है कि शुक्रवार को दोपहर पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर गांव के रोहित कोरी व माता ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए ईट डन्डे से मारा पीटा तथा बीच बराव करने आये मंगतराम सिंह को भी मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो अलग-अलग घटनाओं में हुई मारपीट

**परसपुर, गोंडा**। दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम शुकुलन पुरवा सरैया की है वहां के निवासी बच्चन शुक्ला ने आरोप लगाया है कि उनके गांव निवासी अभिषेक, मनोज तथा बिना आबादी की भूमि का बंटवारा हुए सोख्ता खोदने लगे। उनके मना करने पर विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडे से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। इस मामले में चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना ग्राम परेटा डीहा की है जहां महेश गौतम पुत्र रामतेज गौतम निवासी परेटा डीहा की 12 वर्षीय पुत्री अंजली गौतम 28 जून की रात करीब आठ बजे घर से रामधर शुक्ला के घर खाना खाने के लिए निकली थी लेकिन न तो वह वहां पहुंची और न ही वापस घर लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शारदेन्दु कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है, आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात युवक का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गोंडा** : नगर कोतवाली क्षेत्र में 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सेमरा चौकी इंचार्ज उदित वर्मा ने बताया कि स्थानीय क्षेत्र के नाथनगर गांव के प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना पांडे में सूचना दिया कि गांव के समीप एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है जिसकी आयु लगभग 35 वर्ष है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज, गोंडा** : रविवार को आबकारी विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को कोल्हमपुर चौकी की पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के नारायनपुर के खटकहिया मजरे में तथा गढ़ी गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी किया गया। इस दौरान छापेमारी में 500 किलो लहन तथा बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। मौके से एक युवक को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पूंछ तांछ में उसने अपना नाम लालचंद निवासी खटकहिया नारायनपुर बताया। युवक के खिलाफ नवाबगंज थाने में आबकारी अधिनियम के तहत् मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शिखा सिंह ने पास की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**बेलसर**। शिखा सिंह ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा पास किया। जगदंबा शरण सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बेलसर की छात्रा शिखा सिंह पुत्री शिवनाथ सिंह ने सैन्य विज्ञान से मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। प्राचार्य डॉ गीता रानी यादव डॉ अनुराग, डॉ आनंद सिंह सैन्य विज्ञान प्रवक्ता, अल्पना सिंह, नीता सिंह, डॉक्टर सदानंद सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# 101 कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती में किया गया फेरबदल

**गोंडा, अमृत विचार**: प्रशासनिक तंत्र को पारदर्शी, सक्षम एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया है।

डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर सीडीओ अंकिता जैन ने 101 अधिकारियों और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी है। इस व्यापक तबादला सूची में सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखाकार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक (ग्राम पंचायत), वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक शामिल हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने स्पष्ट किया कि यह कदम विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्धता एवं सेवा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नवीन कार्यस्थल पर अविलंब कार्यभार ग्रहण करें।

# सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : जून के अंतिम सप्ताह में घाघरा नदी रौद्र रूप दिखाने को बेताब है। बीते 24 घंटे में नदी का जलस्तर 37 सेंटीमीटर बढ़कर 104.390 मीटर तक पहुंच गया है, जबकि खतरे का निशान 106.07 मीटर निर्धारित है। यानी अब महज डेढ़ मीटर की दूरी शेष है।

रविवार को जलस्तर में औसतन 1.5 सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, शारदा, गिरिजा और सरयू बैराज से लगभग दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो सोमवार सुबह तक एल्गिन

▶▶ बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

ब्रिज के पास पहुंचने की संभावना है। इससे हालात और बिगड़ सकते हैं। यदि जलस्तर में इसी प्रकार वृद्धि होती रही, तो कई गांवों के बाढ़ की चपेट में आने का खतरा बन गया है।

#### प्रशासन ने कसी कमर

उपजिलाधिकारी यशवंत राव ने बताया कि सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है और स्थिति पर हर घंटे निगरानी रखी जा रही है। किसी भी स्थिति के लिए प्रशासन तैयार है।




सरयू नदी में बनाए ठोकर तक पहुंचा पानी। अमृत विचार

# बिशुनापुर कस्बे में सड़क पर जल व कीचड़ का बसेरा

## नहीं हो रही सुनवाई, कस्बे के लोग जलजमाव से परेशान

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार** : सैकड़ों वर्ष पुराना कस्बा बिशुनापुर की सड़क बरसात के दौरान तालाब का रूप धारण कर लेता है। कस्बा सहित आसपास के लोगों को इस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों की अनदेखी से लोगों में गुस्सा साफ दिखाई दे रहा है।

खरगूपुर नगर से पश्चिम पांच किलोमीटर पर स्थित पुराना कस्बा बिशुनापुर के लोग यहां की सड़क की दुर्दशा तथा बारिश के दौरान भारी जल भराव तथा गंदगी से दशकों से त्रस्त हैं। यहां पुराने स्टेट बैंक से मुख्य बाजार होते हुए बेलभरिया को जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। खासकर बरसात के समय सड़क तालाब में परिवर्तित होने के चलते यहां आसपास के बाजार आने से दूरियां बना रहे हैं। जलभराव से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। करीब दो साल पहले आर्यनगर से बिशुनापुर झालीधाम होते हुए बिशुनापुर तक टू लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति के बाद बिशुनापुर बाजार के बाहर तक निर्माण भी पूरा हो गया। दशकों



बिशुनापुर कस्बे से गुजरने वाली सड़क पर जलभराव व टूटी सड़क। अमृत विचार

बिशुनापुर कस्बे में सड़क का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा नहीं कराया गया। बाजार की सड़क के साथ ही बीच में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना पुल भी जर्जर हो गया। लेकिन दशकों बाद भी जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या के लिए कोई प्रयास नहीं किया। जबकि चार बार के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तथा दो बार के क्षेत्रीय विधायक से भी यहां के लोगों द्वारा उक्त समस्या का निदान करने के लिए दर्जनों बार मांग की गई। लेकिन स्थिति आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते कस्बा सहित आसपास के ग्रामीणों में गुस्सा साफ नजर आ रहा है। अवर अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि सड़क की जद में आये कुछ मकानों को लेकर लोगों द्वारा न्यायालय में वाद दायर किया गया है। जिसके निस्तारण के बाद पुलिया व सड़क का निर्माण शुरू कराया जायेगा।

### प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से नाराज ग्रामीण

प्रधान अफसर अली ने बताया कि जल भराव तथा सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सड़क नाली के साथ ही पुल का निर्माण होना आवश्यक है। चिकित्सक डॉ जमीर सिद्दीकी का कहना है कि सड़क पर बारिश के पानी का जमाव की समस्या का समाधान होना चाहिए। जलभराव से मलेरिया, हैजा आदि जानलेवा बीमारियों का जन्म होता है। दवा व्यवसाय सूरज शुक्ला का कहना है कि यहां की टूटी सड़के तथा बरसाती पानी का निकास न होने से व्यवसाय पर काफी असर पड़ रहा है। व्यापारी घनश्याम गुप्ता का कहना है कि प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों को सड़क निर्माण के साथ ही बरसात के समय तालाब का रूप ले चुका। समस्या का समाधान होना चाहिए। बरसात के समय करीब तीन माह तक जलजमाव एवं गंदगी के चलते आसपास के लोग यहां खरीदारी करने में मुंह फेर रहे हैं। अधिवक्ता हरिश्चंद्र तिवारी का कहना है कि यहां की हो चुकी जर्जर सड़क एवं पुल के निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार कहे जाने के बाद स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हो पा रहा है। वहीं जिला प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा। शिक्षक फखरुद्दीन का कहना है कि कस्बा तथा जनहित को देखते हुए दशकों से विद्यमान ज्वलंत समस्याओं का निराकरण होना चाहिए। ये समस्याएं बाजार के विकास को प्रभावित कर रही है।


सूरज शुक्ला।


डॉ. जमीर सिद्दीकी।


फखरुद्दीन।


हरिश्चंद्र।


घनश्याम गुप्ता।

# 278 राजस्व प्रकरणों का निस्तारण कर खाली कराए गए चकमार्ग

**गोंडा, अमृत विचार** : जिला प्रशासन गोंडा द्वारा ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को सुगम और विवाद मुक्त बनाने की दिशा में चलाया गया विशेष अभियान अब परिणाम देने लगा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में शुरू की गई चकमार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मुहिम के तहत अब तक जनपद के 278 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है।

यह कार्रवाई सभी तहसीलों में गठित 10-10 क्विक रिस्पॉन्स राजस्व टीमों के माध्यम से की गई, जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले चकमार्ग संबंधी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सदर तहसील के पण्डरी कृपाल, रूपईडीह, झंझरी एवं इटियाथोक विकास खंडों में 97 चकमार्ग मुक्त कराए गए। करनैलगंज तहसील के करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर और हलधरमऊ विकास खंडों में 82 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। मनकापुर तहसील में बभनजोत, छपिया और मनकापुर ब्लॉक में 40 चकमार्ग अतिक्रमण मुक्त हुए। तरबगंज तहसील के नवाबगंज, तरबगंज, वजीरगंज और बेलसर क्षेत्रों में 59 चकमार्गों से अवैध कब्जे हटाए गए। 9 अन्य मामलों में भी सफलतापूर्वक कार्रवाई की गई। इसके अलावा दस वर्षों से लंबित कई प्रकरणों को निस्तारित किया गया। ग्राम बरसैनिया लखपत राय में 10 वर्षों से चले आ रहे खलिहान भूमि के कब्जे को हटाया गया। ग्राम चुवाड़, बभनीपायर में चकमार्ग की पैमाइश कराकर ग्राम प्रधान को सुपुर्द किया गया। ग्राम बूढ़ापायर में तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। ग्राम देवरिया, केशवनगर ग्रन्ट पश्चिमी एवं चकगौरा में भी शीघ्र कार्रवाई कर ग्रामीणों को राहत दी गई।

# सरकारी केबल ड्रम चोरी में सातवां आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार**। थाना क्षेत्र में सरकारी केबल ड्रम चोरी के मामले में फरार चल रहे सातवें आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एनसीसी वेंडर सुनील कुमार दूबे निवासी सुभागपुर थाना कोतवाली देहात ने पुलिस को सूचना दी थी कि परसपुर ब्लॉक अंतर्गत बलमत्थर बैंक के पास स्थित स्टोर से भारी 120 केबिल ड्रम चोरी हो गयी है। ड्रम संख्या 5527 को 1 जून की रात कार्य समाप्ति के बाद ट्रॉली पर छोड़ दिया गया था।

अगले दिन 2 जून को तड़के 3:28 बजे मकदूम नामक कर्मचारी ने उन्हें चोरी होने की सूचना दी थी। इस मामले में पहले ही परसपुर पुलिस द्वारा 4 जून को छह अभियुक्त राशिद, पुत्र आशिक अली, सलामत, विजय, मकदूम , नाजिर और अमन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

विवेचना के दौरान प्रकाश में आए सातवें आरोपी अशोक त्रिपाठी पुत्र स्व. सीताराम त्रिपाठी निवासी गायत्रीपुरम चौराहा सिविल लाइन कोतवाली नगर को पुलिस ने रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता एवं उप निरीक्षक सौरभ वर्मा शामिल रहे।

# बुजुर्ग किसान की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन, बुलडोजर से हटा कब्जा



अवैध कब्जा हटवाती पुलिस। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : दत्तनगर गांव निवासी बुजुर्ग किसान चंद्रभान मिश्र की आत्मदाह की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया और रविवार को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जे को हटवा दिया। करीब एक बिस्वा जमीन पर लंबे समय से कब्जा किए राम जागे के अतिक्रमण को तहसीलदार सुभद्र प्रसाद के नेतृत्व में ध्वस्त किया गया। गौरतलब है कि चंद्रभान मिश्र पिछले छह वर्षों से अपनी जमीन पर कब्जा हटवाने की लड़ाई लड़ रहे थे। उन्होंने 6, 9 और 21 जून को डीएम समेत कई अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने 30 जून को तहसील परिसर में आत्मदाह की चेतावनी दे डाली। । उपजिलाधिकारी यशवंत राव के निर्देश पर रविवार दोपहर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

**आयोजन** | विधायक आवास पर मन की बात कार्यक्रम में जुटे लोग

# पौधरोपण का लिया संकल्प, मां के नाम लगाया एक पेड़

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण रविवार को विधानसभा क्षेत्र करनैलगंज और परसपुर के विभिन्न बूथों पर उत्साहपूर्वक सुना गया। इस मौके पर केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोगों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। विधायक अजय सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार न केवल राष्ट्रहित में हैं बल्कि कार्यकर्ताओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण को भी परिष्कृत करते हैं। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, चेयरमैन वासुदेव सिंह, महंत सुनील पुरी, मंडल अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित विधायक। अमृत विचार

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**बेलसर**। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश भारती की अध्यक्षता में बेलसर मण्डल के सभी बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण किया गया एवं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुना गया। राघव राम तिवारी जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा, देवदत्त तिवारी, अजीत प्रताप सिंह राजन, राजन सिंह, विजय कुमार दुबे,राहुल सिंह, योगेंद्र पांडेय एवं बेलसर मंडल के सभी शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### नगर के सभी बूथों पर रोपे गए पौधे

**करनैलगंज** : करनैलगंज भाजपा नगर मंडल में चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल व मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी के नेतृत्व में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। नगर के सभी बूथों पर पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा का भी संकल्प दिलाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने नगर के सभी वार्डों व बूथों पर पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर मुकेश कुमार वैश्य, कन्हैयालाल वर्मा, डॉ.राम तेज, अनिल गुप्ता, पीसी सोनी, इन्दजीत सहित तमाम मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लायंस क्लब गोंडा सेवा के अध्यक्ष बने बसंत नेवटिया



नई कार्यकारिणी गठन के दौरान मौजूद संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा** : क्षेत्र में सेवाभाव करने वाली संस्था लायंस क्लब गोंडा सेवा की इस सत्र की अंतिम मासिक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर लायन बसंत नेवटिया को चुना गया है। बैठक में आगामी वर्ष के लिए होने वाले संगठन के कार्यों पर चर्चा हुई, जिसमें पर्यावरण, पौधरोपण, निशुल्क चिकित्सा कैंप, ब्लड डोनेशन, विभिन्न जागरूकता अभियान, बाढ़ पीड़ितों की मदद, गरीबों की मदद आदि सेवा कार्य शामिल रहा। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर लायन बसंत नेवटिया के अलावा कोषाध्यक्ष लायन राजीव अग्रवाल, सचिव लायन अमित पांडे, संयुक्त कोषाध्यक्ष लायन अजय गर्ग, पीआरओ लायन पवन जायसवाल, डायरेक्टर्स लायन अजीत सिंह सलूजा, लायन अशोक कुमार गुप्ता, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन अजय कुमार मित्तल, लायन डॉक्टर मृणाल पांडे, लायन डॉक्टर केके मिश्रा, लायन शिव अग्रवाल, लायन सुशील जालान, लायन अरविंद श्रीवास्तव, लायन संदेश गर्ग एवं चेयरपर्सन लायन विवेकमणि श्रीवास्तव व लायन अरुन बंसल एवं कोऑर्डिनेटर लायन विवेक लोहिया मनोनीत हुए हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रकेश मिश्रा, लायन अरुणदीप मल्होत्रा, लायन कमल श्रीवास्तव, लायन विजय गुप्ता, लायन राजेश जायसवाल, लायन डॉक्टर पीबी सिंह, लायन आलोक सिन्हा, लायन विपुल मोदी, लायन आनंद नेवटिया, लायन दुर्गेश श्रीवास्तव, लायन देवेंद्र जायसवाल आदि शामिल रहे। लायंस क्लब गोंडा सेवा की तरफ से रविवार को डॉ संजय क्लिनिक पर शुगर चेकअप कैम्प एवं मधुमेह के लक्षण एवं बचाव संबंधी जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें 142 लोगों का नि :शुल्क शुगर जांच किया गया। लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा हर माह के आखिरी रविवार को यह कैम्प आयोजित किया जाता है।

### कांग्रेस की नीतियों को लेकर आमजन के बीच जाएंगे : प्रद्युम्न

**गोंडा** : रविवार को जिला कांग्रेस सेवादल ने शहर क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला राधा कुंड में स्थित चौबे कोयला कैंपस में ध्वजारोहण बंधन का कार्यक्रम आयोजन कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि ध्वज बंधन के माध्यम से पूरे देश में कांग्रेस सेवा दल के लोग कांग्रेस पार्टी की नीतियों और उसके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता को देंगे। सत्ता परिवर्तन के लिए अपना प्रयास सतत जारी रखेंगे, वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सभासद शाहिद अली कुरैशी ने कहा कि जिला कांग्रेस सेवादल के साथियों को जिस भी प्रकार के संसाधन की आवश्यकता होगी उनको शिविर लगाने के लिए अथवा और भी कोई कार्यक्रम चलाने के लिए संसाधनों की पूर्ति शहर कांग्रेस कमेटी करेगी। कांग्रेस से जुड़े लोगों ने बिगुल बजा दिया है। आने वाला समय कांग्रेस का होगा। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों का साथ दिया है। इस दौरान मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी चंद्रावती को पार्टी पट्टिका पहना कर कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया गया। इस मौके पर खगेश चतुर्वेदी, वसीम सिद्दीकी, शहजादे मेवाती, भगवती सोनी, हरिराम वर्मा, सोनू चतुर्वेदी, ननके वर्मा, पिंटू सिंह, कृष्णा कश्यप, चंद्रशेखर चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ध्वजारोहण बंधन करते कांग्रेसी।

### हत्या कर तालाब में फेका गया था बालक का शव

**इटियाथोक** : इटियाथोक थाना क्षेत्र के पूरे तिलक ग्राम पंचायत बरडाड में एक 12 वर्षीय बालक के डूब कर मौत के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक बालक राज ( 12 )पुत्र राम कैलाश के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। स्थानीय पुलिस ने मृतक के पिता राम कैलाश पुत्र राजाराम के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए गांव के ही तीन लोगों पर धीरू पुत्र छक्कन, रेनू पत्नी छक्कन और रुबीना पुत्री छक्कन पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। इस बारे में थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने बताया पीड़ित पक्ष की प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। वही इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैली हुई है। हर आदमी अचंभित है यह घटना कैसे घटित हो गई।

### आरएसएस के प्रारंभिक शिक्षा वर्ग में लिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल होने जाते विधायक गौरा। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नंदिनी नगर मनकापुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय वर्ग का समापन रविवार को सहभोज कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन वर्गाधिकारी नीलम प्रकाश पाठक तथा सर्व व्यवस्था प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला ने किया। वहीं संरक्षण व मार्गदर्शन जिला प्रचारक रवि कुमार व उनकी टीम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सात प्रशासनिक खण्डों बभनजोत, छपिया, मनकापुर, वजीरगंज, नवाबगंज, तरबगंज व बेलसर के साथ-साथ तीन नगरों मनकापुर, नवाबगंज एवं तरबगंज के लगभग 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक, नियत विधि एवं संघ की कार्यपद्धति का समग्र प्रशिक्षण दिया गया। नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यवसायियों ने प्रशिक्षण वर्ग के संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। रविवार को प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा, मनकापुर कोर्ट के प्रबंधक हरीश पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुमार बबलू सोनी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख यूपी सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, संतोष कुमार बड़कन, आर .के . नारद, प्रमोद कुमार चंचल, महेश मोदनवाल, अष्टभुजा मोदनवाल, पंडित राम हौसिला शर्मा, सर्वेश कुमार भट्ट, रामनाथ गुप्ता, ए .के . पांडे, अभय जायसवाल, राजकुमार पटवा, संजय गुप्ता, रवि सोनी सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों का सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया है। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्युएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग) की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ़ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इन्टीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईएजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

> स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटेलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।



> ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी

सोशल मीडिया (फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक (कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब (विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग (एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं।

यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# सात संदिग्ध, पांच प्रतिबंधित वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार

## गिरफ्तार लोगों में 4 महाराष्ट्र और 3 प्रदेश के हैं निवासी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने सात संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जब ये लोग कार से नेपाल से भारत वापस लौट रहे थे। इनके पास से पांच प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाले आरटी सेट बरामद किए गए हैं। ये सभी इस्लामिक संघ नेपाल के एक बड़े पदाधिकारी से मिलकर लौट रहे थे। इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से फंडिंग की जाती है। गिरफ्तार लोगों में चार महाराष्ट्र और तीन उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। गहन जांच के बाद लोगों को आने-जाने दिया जा रहा है। गिरफ्तार संदिग्ध लोगों में महाराष्ट्र के संदिग्धों में पुणे के बिलाल अहमद रेहान शेख, मोहम्मद मुस्लिम, मुनीर शेख और ठाणे के तेंमेश्वर भोंदवे शामिल हैं। प्रदेश के बिजनौर के अचलेश कुमार, कुशीनगर के शंकर पांडेय और बहराइच के छांगुर को हिरासत में लिया गया है।

**कार्रवाई**

- **सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ**

एसएसबी की जांच में सामने आया है कि इन लोगों के तार पाकिस्तानी फंडिंग से चलने वाले इस्लामिक संघ ऑफ नेपाल के एक व्यक्ति से जुड़े हो सकते हैं। पकड़े गए लोग प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाले आरटी सेट रखने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। चेक पोस्ट पर तैनात एएसआई योगेश कुमार, मुख्य सिपाही अमरनाथ यादव, अरविंद कुमार और ओमप्रकाश की टीम ने यह कार्रवाई की है। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने खुद को कैटरिंग का कार्य करने वाला बताया और कहा कि इसी काम के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं। जबकि जिन फ्रिक्वेंसी पर इनके वॉकी-टॉकी सेट थे, वे एक प्रतिबंधित हॉपिंग फ्रिक्वेंसी पर संचालित होते हैं। इस तकनीक में बातचीत के दौरान फ्रिक्वेंसी लगातार बदलती रहती है, जिससे इंटरसेप्ट करना बेहद मुश्किल हो जाता है। बरामद आरटी सेट जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में बने हैं। यह आरटी सेट भारतीय फ्रीक्वेंसी को भी कैच कर लेते हैं। एसएसबी कमांडेंट ने कहा कि हॉपिंग फ्रिक्वेंसी पर इनका बातचीत करना एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि यह सभी नेपाली निवासी नसीम शेख से मिलने गए थे। जो कि इस्लामिक संघ ऑफ नेपाल से जुड़ा है और जेल भेज दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहन जांच कर रही हैं।

## एक नजर

### बीकाम व एमकाम की मौखिक परीक्षा तिथि घोषित

बहराइच। किसान पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. किसुनवीर की ओर से जारी मौखिक परीक्षा 6 जुलाई तक कराने के आदेश का प्रभाव कॉलेज में दिखाई देने लगा है। वाणिज्य संकाय में एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर व बीकॉम की मौखिक परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ. सतीश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा एक जुलाई 2025 को होनी है। इसी क्रम में बीकॉम छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 3 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे से होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं एक पहचान पत्र, प्रवेश पत्र, प्रोजेक्ट व डिजरटेशन के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। अन्यथा की स्थिति में उनकी परीक्षा छूट जाएगी। इस स्थिति के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र में रामवापुर सुखराज पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना हुई। मोटरसाइकिल और डंफर की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। घटना रविवार की है, जब बाइक पर सवार रवि प्रताप सिंह और राजन सिंह चहलारी घाट सीतापुर से बहराइच की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे डंपर से उनकी टक्कर हो गई। रवि प्रताप सिंह कोतवाली देहात के टेढवा बसंतापुर के रहने वाले हैं। दुर्घटना में एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों को बहराइच के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की। थाना प्रभारी हरदी संजय सिंह ने दोनों वाहनों को थाने में सुरक्षित रखा गया है। घटनास्थल पर यातायात सुचारू रूप से शुरू है।

### सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति की बैठक

**मटेरा,बहराइच।** सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर कृष्णपुरी रुपईडीहा रोड नानपारा के प्रांगण में रविवार को मन्दिर समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष डी के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अयोजित की गयी। मन्दिर के महाआचार्य पण्डित राम उजागर मिश्र ने बताया आगामी 29 जुलाई को नागपंचमी के दिन प्रातः 8 बजे से नाग सर्प योग,रुद्राभिषेक एवम हवन पूजन की शुरुआत होगी। इस पूजा में अधिक से अधिक 21 ग्रुप में सामूहिक पूजन के कार्ययोजना की जानकारी श्री मिश्र द्वारा दी गयी। अध्यक्ष जी ने मंदिर में बीते दिनों की चोरी की घटना की जानकारी देते हुवे मन्दिर की सुरक्षा के प्रति चिन्ता ब्यक्त की गयी। सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिर में शीघ्र कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंडित राम उजागर मिश्र,राम समुज वर्मा,डा वीरांगना कान्त,राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, राम गोपाल मिश्र,संतोष पाण्डेय,राम देव ,और पंडित अनुपम आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय के रास्ते पर बिना बारिश जलभराव, फिसलकर गिर रहे बच्चे

संवाददाता, बहराइच


कुछ ऐसा है विद्यालय जाने का रास्ता।

**अमृत विचार।** एलआरपी कॉलोनी से मोहल्ला घसियारीपुरा में प्रवेश करते ही इस सड़क पर बिना बरसात के इतना जल भराव है कि अभी से ही रास्ता चलना दूभर है जबकि बिल्कुल इसी रास्ते पर मून एंड सन पब्लिक स्कूल स्थित है ।बरसात में यह रास्ता पूर्ण रूप से जल भराव से बंद हो जाता है । विद्यालय के हजारों अभिभावकों तथा नन्हे मुन्ने बच्चों एवम हजारों की संख्या में मोहल्ला वासियों को बरसात भर इसी रास्ते से आना जाना पड़ता है ।

बहुत सारी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं । इसी में अंडरग्राउंड बिजली का एक डिब्बा भी लगा हुआ है जिससे आए दिन पानी में करंट उतर आता है। चूंकि विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चे आते हैं इसलिए इसके खतरे को बिजली विभाग व नगर पालिका दोनों विभागों द्वारा प्राथमिकता पर ये कार्य कराया जाना जरूरी है। मोहल्ले के सभासद पिछले बरसात से लगातार बता रहे हैं कि टेण्डर हो रहा है । देखते-देखते फिर बरसात आ गयी मगर कार्य नही हुआ । पता नहीं किन कारणों से इस कार्य को इन दोनों विभागों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है ऐसी स्थिति में अगर कोई अप्रिय घटना घट जाती है तो उसकी संपूर्ण दायित्व दोनों विभागों का होगा। इसलिअ बरसात के पूर्व इस मार्ग का निर्माण नाली सहित होना आवश्यक है तथा विद्युत विभाग द्वारा ये डिब्बा हटाया जाना भी आवश्यक है क्योंकि नन्हे मुन्ने बच्चे स्कूल से निकलते रहते हैं और इस डिब्बे से किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन भी नहीं है अतः इसकी कोई उपयोगिता भी नही प्रतीत होती है।

## सार-संक्षेप

### कोचिंग सेंटर पर कोर्स पूरा न करने का आरोप, की शिकायत

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के एक कोचिंग सेंटर पर एक अभिभावक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत कर करवाई की मांग की है। मोहल्ला शेखदहीर, बहराइच निवासी जितेन्द्र कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी दो बेटियों आस्था पटेल और आख्या पटेल का नामांकन 8 अप्रैल 2025 को कक्षा 9 की कोचिंग के लिए कराया था। कोचिंग सेंटर की फीस 46,320 दो किश्तों में जमा की। संस्थान ने उच्च गुणवत्ता, नियमित पढ़ाई और सभी विषयों की तैयारी का आश्वाशन दिया था ।कक्षाएं 17 अप्रैल से शुरू हुईं और उस एक महीने की अवधि में भी पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था नहीं की गई। कक्षाएं तीन महीने तक चलीं। लेकिन सप्ताह में चार दिन ही पढ़ाया गया। नियमित कक्षाएं नहीं चलीं। जिससे कोर्स पूरा नहीं हुआ। गणित का पहला अध्याय आज तक अधूरा है। दूसरा अधूरा है और तीसरा शुरू ही नहीं हुआ। इतिहास की पढ़ाई जून के अंतिम सप्ताह में शुरू हुई, जबकि परीक्षा नजदीक है। अभिभावक का कहना है कि जब फीस वापसी की मांग की गई तो कोचिंग सेंटर के शाखा प्रबंधक ने कहा कि वापसी एक माह के भीतर करना संभव था। जबकि तीन महीने बीत चुके हैं। शाखा प्रबंधक ने बताया कि जिस किसी अभिभावक को शिक्षण कार्य बेहतर नहीं लगता वह एक माह के भीतर फीस वापसी के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते हैं और उन्हें फीस वापस कर दी जाती है। लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया तीन महीने तक लड़कियां पढ़ती रहीं। उनका आरोप गलत है। फिलहाल अभिभावक ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई करने और फीस वापस दिलाने की मांग की है।

### डॉ. नित्यानन्द को प्रबुद्ध जनों ने किया सम्मानित


डॉ. नित्यानंद को सम्मानित करते शहर के बुद्धिजीवी। अमृत विचार

**मिहींपुरवा( बहराइच ) :** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत भारत नेपाल सीमा के समीप स्थित ग्राम सर्राकलां निवासी डा. नित्यानंद कुशवाहा का चयन बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। डा. नित्यानंद के चयन होने पर व्यवसायी राज कुमार सिंह पर सीमा जागरण मंच के जिला महामन्त्री योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य व शिक्षक जितेन्द्र मौर्य द्वारा एक समान समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें नित्यानंद को सीमावर्ती क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी के द्वारा उन्हें आशीर्वाद स्वरुप माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया ।

### ज़मीनी विवाद में युवक की गोली लगने से मौत

बहराइच, अमृत विचार। जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदईपुर में रविवार देर शाम ज़मीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पुरानी रंजिश के चलते चली गोली में 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे गांव में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत चंदईपुर में राम संवारे चौबे और जितेंद्र प्रसाद चौबे के बीच लंबे समय से ज़मीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। रविवार देर शाम दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि गोली चल गई। इस दौरान जितेंद्र प्रसाद चौबे के पक्ष के 24 वर्षीय योगेश चौबे पुत्र दिलीप कुमार चौबे को गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर विशेश्वरगंज थाना अध्यक्ष ज्ञान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया है ।थाना अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि ज़मीन को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा था, जिसकी वजह से घटना हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### व्यापारियों ने मार्ग जाम कर किया धरना-प्रदर्शन

**मिहींपुरवा, बहराइच,अमृत विचार।** मिहींपुरवा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों तथा मिहींपुरवा नगर में व्यापारियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने उद्योग व्यापार मंडल मिहींपुरवा के बैनर तले मिहींपुरवा चौराहे धरना प्रदर्शन कर किया। इस दौरान लोगो ने अपनी मागो को लेकर एसडीएम मिहींपुरवा को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों के निशाने पर विद्धुत विभाग के साथ क्षेत्रीय नगर अध्यक्ष विधायक तथा सांसद रहे। लोगो का कहना है भीषण गर्मी में बिजली की बढी मांग व अधिक लोड के कारण नानपारा से मोतीपुर विद्युत उपकेन्द्र आयी 33 हजार की जर्जर हाई -टेंशन लाइन आये दिन फाल्ट होती है। जिससे क्षेत्र में 10 से 15 घण्टों की अघोषित बिजली कटौती हो रही है भीषण गर्मी व बिजली कटौती से परेशान व्यापारियों ने नाराज होकर उद्योग व्यापार मंडल मिहींपुरवा के अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में मुख्य चौराहे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# बदली जीवनशैली से कार्डियक अरेस्ट, हार्ट फेल्योर के मामले बढ़े

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर जैन अतिथि भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीजो का उपचार, परीक्षण व दवाएं वितरित की गयी ।शिविर का उदघाटन बहराइच/श्रावस्ती विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया ।शिविर की अध्यक्षता वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ,चरक हार्ट इंस्टीट्यूट के चीफ कार्डियक सर्जन एवं चेयरपर्सन डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने किया।


डॉ.पंकज के साथ एमएलसी डॉ.प्रज्ञा।

जांच शिविर में गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें कार्डियक अरेस्ट, हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, थायराइड,हार्ट फेल्योर,कोलेस्ट्रॉल जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव,रोकथाम के उपाय बताए गए। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा हमे अपनी दिनचर्या को बदलना होगा ।प्रतिदिन योगा,व्यायाम के साथ खानपान में बदलाव करना होगा ।वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज का युवा वर्ग नशे का आदी हो चुका है ।रोजाना कार्डियक अरेस्ट व हार्ट फेल्योर के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। खानपान के साथ अपनी जीवनशैली में बदलाव आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अचानक छाती में दर्द,सीने में जकड़न,साँसों का फूलना,गर्दन, जबड़े, गले, या बाजुओं में दर्द अनियमित दिल की धड़कन ,चक्कर आना या बेहोशी थकान की समस्या लगे तो तुरन्त हृदय रोग विशेषज्ञ से संपर्क करके उचित परामर्श लेना चाहिए ।उन्होंने बताया कि दिल के मामले में लापरवाही नही करना चाहिए ।शिविर में बीपी,शुगर व ईसीजी की निशुल्क जांचे की गई। जैन समाज के अध्यक्ष राजीव जैन मंत्री निलेश जैन कोषाध्यक्ष आशीष जैन, नवीन जैन, सौरभ जैन सभासद वैभव जैन अविनाश जैन समाज के समस्त पदाधिकारी के अलावा जैनस इनिशिएटिव से डॉ राहुल आशीष श्रीवास्तव एकांश पंकज सिन्हा का अहम योगदान रहा।

# बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

संवाददाता, पयागपुर,बहराइच


पौधरोपण करते विधायक सुभाष त्रिपाठी व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को क्षेत्र के सभी बूथो पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गई। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत रुकनापुर में आयोजित चौपाल में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। चौपाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को निःशुल्क जांच कर दवाएं वितरित की गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक श्री त्रिपाठी ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उठाए गए बिंदुओं पर चर्चा कीविधायक श्री त्रिपाठी ने भाजपा सरकार और अपने कार्यकाल की उपलब्धियां जैसे सड़क बिजली, राम मंदिर , धार्मिक स्थलों के विकास और अपने कार्यकाल में 540 लोगों को सौ करोड़ पचहत्तर लाख रुपए की गंभीर इलाज हेतु सहायता दिलाने की बात बताई। इस प्रकार के कार्यक्रम पयागपुर मंडल के सभी 88 बूथों पर आयोजित हुए जहां पर हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी और प्रत्येक बूथ पर 10-10 पौधों को भी रोपित किया।

कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी एबी शुक्ला ने किया ।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद पांडेय ,पूर्व प्रधान कपीश सिंह,संतोष तिवारी सभासद मुकेश शर्मा प्रधान राम दीन चौहान सेक्टर संयोजक मुन्ना शुक्ला ,पंकज तिवारी, प्रखर सिंह, सुरेश निषाद, दीपक बंगाली, विपिन त्रिपाठी, मोती लाल चौहान, दानेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, रोहित मिश्र सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण शामिल हुए।

### बच्चों और महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक लिया भाग

**बिशेश्वरगंज,बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम ' मन की बात ' का सीधा प्रसारण रविवार को ग्राम पंचायत कन्छर के पंचायत भवन में बड़े उत्साह और जोश के साथ सुना गया। कार्यक्रम को विशेष रूप से तब और भी सार्थकता मिली जब ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय ने अपनी सक्रिय भागीदारी के जरिए जन संवाद को एक प्रेरक मंच बना दिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय और ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार गिरी की अगुवाई में भारी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता, महिला समूहों और वरिष्ठ नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे एक उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम के दौरान मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से स्वच्छ भारत, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जैसी पहल की जमकर सराहना हुई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय ने पंचायत भवन परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। गंदगी और अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बच्चों और महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि "हर पेड़ सिर्फ हरियाली ही नहीं, बल्कि जीवन का प्रतीक है। हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी।

# लूटकांड में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच


जितेन्द्र केडिया पीड़ित व्यापारी।

- **लूटकांड के खुलासे पर व्यापारी ने उठाये सवाल**
- **कहा- बिना रुपयों के बरामदगी,कैसा खुलासा**


पुलिस के साथ गिरफ्तार किये गये अभियुक्त।' अमृत विचार

**अमृत विचार।** भूपगंज बाजार निवासी व्यवसायी जितेंद्र केडिया के साथ हुई लूट में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन पीड़ित व्यापारी ने पुलिस की इस कहानी पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

बीती शुक्रवार की रात गोण्डा-बहराइच मार्ग पर खुटेहना के पास स्थित बनवारी देवी इण्टर कालेज के सामने दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़े दिखे। इसी दौरान थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय टीम के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस की गाड़ी देख दोनों लोग भागने लगे तो पुलिस ने उन्हें चेतावानी देते हुए दौड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके पास से 40 हजार रुपए और दो मोबाइल बरामद हुए। उनकी पहचान सुमित पटवा और रितेश गुप्ता निवासी थाना गिलौला, श्रावस्ती के रूप में हुई जो व्यवसायी लूट काण्ड में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों लोगों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि ये अपने घर से मुंबई भागने की फिराक में निकले थे। थानाध्यक्ष का कहना है कि व्यापारी से ढाई लाख रुपयों की लूट हुई थी जिसमें शामिल छह लोगों को 40-40 हजार रुपये हिस्सा मिला था। पीड़ित व्यवसायी जितेंद्र केडिया के बड़े भाई सतेंद्र केडिया ने पुलिस द्वारा लूटकांड के खुलासे पर सवाल उठाते हुए कहा कि दस लाख रुपयों की लूट हुई थी जिसमें अभी तक मात्र एक लाख की बरामदगी हुई है। उन्होंने पुलिस के दावे का खंडन करते हुए कहा कि पुलिस बार-बार अपना ही बयान बदल रही है। पिछले गिरफ्तारी में यह बताया गया कि अभियुक्त अमरेश को एक लाख रुपये हिस्सा मिला था और जिसमें उससे 65 हजार रुपये नकद बरामद किये गये। ऐसे में पुलिस के 40 हजार हिस्से की बात कैसे आ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक लूटकांड का पूरा पैसा बरामद नहीं होगा तब तक इस खुलासे का कोई मतलब नहीं है।

## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।

3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार

5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।

8. ( साहित्य ) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र,बड़ी पली।

3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना

4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।

6. सेवा से अवकाश प्राप्त।

7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 आ | | 2 कृ | | | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | | | ह |
| | ड़ | | मं | | 5 चु | र |
| | न | | डू | | | बा |
| | | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | | | ता | | ति | |
| 9 आ | रा | म | | 10 म | का | म |

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी- 09 .23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 07 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।

**वृष** — आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।

**मिथुन** — आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।

**कर्क** — आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।

**सिंह** — आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या** — आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्स्टटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु** — आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।

**मकर** — आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।

**कुंभ** — आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातवारण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

एक नजर

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार रात सोनावा गांव के पास लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोइरीपुर चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पहचान के प्रयास जारी हैं।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में रविवार को जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इंदु शेखर उपाध्याय ने की। उन्होंने मुखर्जी को प्रखर राष्ट्रभक्त व मानवता उपासक बताया। लालमणि सिंह, रमापति साहू और जयप्रकाश ने उनके योगदान को याद किया। मौके पर राम सकल शुक्ल, प्रदीप अग्रहरि, मनीष अग्रहरि सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण भी किया गया।

### दुष्कर्म मामले में केस दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता के अनुसार, 24 जून की रात गांव का ही युवक बेटी को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत संबंध बनाते समय पकड़ा गया। किशोरी की मां के जागने पर आरोपी भाग निकला, लेकिन आधार कार्ड और मोबाइल वहीं छोड़ गया। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्यवाही जारी है।

# उदयपुर नहर में मिला लापता युवक का शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन की तैयारी कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने समझाया

भदैंया, सुलतानपुर


पकड़ी के पास जमा ग्रामीण व बड़ी संख्या में तैनात पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के प्रतापगंज चौकी अंतर्गत रामगंज रजबहा नहर में शनिवार शाम एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उगईपुर (बीसापुर) निवासी 23 वर्षीय सुमित प्रजापति के रूप में हुई है, जो शुक्रवार सुबह से लापता था।

परिजनों ने पहले ही प्रतापगंज चौकी में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार शाम जब शव मिला तो उन्होंने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पहचान के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजन को सौंपा गया, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर जमा हो गए और घटना की उच्च स्तरीय जांच व न्याय की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्र ने लोगों को समझा-बुझाकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तब जाकर लोग शांत हुए।

एसओ ने बताया कि मामले को लेकर कई थाने के पुलिस मौके पर तैनात है। गांव में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। तहरीर नहीं मिल है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### केएनआई बंधे के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

सुलतानपुर : रविवार की शाम कोतवाली नगर के केएनआई बंधे के पास एक युवक का अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति और संदिग्ध हालातों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए मर्च्युरी में रखवाकर सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान में जुटे हैं। शहर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत व पति गंभीर

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रविवार शाम अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर स्थित गुप्तारगंज कस्बे में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया।


पुलिस के कब्जे में ट्रक।

जानकारी के अनुसार, थरिया, थाना हैदरगंज (अयोध्या) निवासी अर्जुन मिश्रा अपनी पत्नी कंचन मिश्रा (43) के साथ धर्मदासपुर स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कंचन मिश्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। वहीं, भाग

**▸▸ कूरेभार के गुप्तारगंज बाजार की घटना, पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ा**

रहे ट्रक चालक को कटका के पास ट्रक समेत पकड़ लिया गया।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 168 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाये गये पांच प्रकार के झूले

**▸▸ बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में शिक्षा विभाग की पहल**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप, जनपद के चयनित परिषदीय विद्यालयों में संचालित 168 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए पांच प्रकार के झूले स्थापित किए गए हैं। इनमें स्लाइड, सी-सा, स्विंग, राउंड एबाउट एवं रॉकिंग बोट शामिल हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि झूलों की स्थापना कच्ची ज़मीन या ग्रास मैट पर कराई गई है। जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं थी, वहां मैट का उपयोग किया गया है। यह प्रयास 3-6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आनंददायक वातावरण में सीखने का अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, इससे बच्चों की उपस्थिति और ठहराव दर बढ़ने की भी उम्मीद है। यह पहल प्री-प्राइमरी शिक्षा को मज़बूत करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें खेल-खेल में बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।



प्राथमिक विद्यालय में लगवाया गया झूला। अमृत विचार

# एसडीएम ने 6 विवादों का किया निस्तारण

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनसुनवाई को प्रभावी और तत्काल समाधान हेतु रविवार को उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी ने पुलिस और राजस्व टीम के साथ क्षेत्र के कई विवादित स्थलों पर पहुंचकर निस्तारण कार्य किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक भी मौजूद रहे। बड़गांव में नाली विवाद का हल, जमालपुर में पुराने रास्ते का सीमांकन कर समाधान, अलीपुर व मलिकपुर नोनरा में सार्वजनिक रास्ते को खुलवाया गया। अलीमुद्दीनपुर में रास्ते पर डाले गए अवैध गोबर को हटवाया गया। एसडीएम ने कहा, सरकार की मंशा है कि शासन की सुविधाएं लोगों तक पहुंचे व जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध हो।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए 500 पौधे

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रविवार को भदैंया विकासखंड के पखरौली गांव में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कुल 500 पौधों का रोपण किया।

पखरौली शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आम, जामुन, आंवला जैसे फलदार तथा नीम व पीपल जैसे छायादार वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर 'एक पौधा मां के नाम' पहल के तहत भी कई पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव का संदेश दिया गया। विधायक सीताराम वर्मा ने शिव मंदिर परिसर में स्वयं दो छायादार पौधे लगाए और कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारा कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण भी करे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित यादव, सुरेश तिवारी, जय प्रकाश यादव, रमाकांत मिश्रा, राकेश विश्वकर्मा, बृजेश वर्मा, तुलसीराम भार्गव सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


भाजपाइयों ने रोपित किए पौधे। अमृत विचार

**▸▸ पखरौली शिव मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण**

# व्यापारी समाज देश की आर्थिक रीढ़

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तहसील इकाई द्वारा भामाशाह जयंती पर रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ व्यापारियों को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने कहा, व्यापारी का सुख प्रशासन की सफलता का मापक है।

अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने ऑनलाइन व्यापार से परंपरागत व्यापार को हो रहे नुकसान पर चिंता जताई और कहा कि यदि पारंपरिक व्यापार सुरक्षित रहेगा तो व्यापारी समाज के लिए और मजबूती से खड़ा रहेगा। सम्मान पाने वालों में विश्वनाथ बरनवाल, गुलाब चंद्र मोदनवाल, डॉ. मंगला प्रसाद श्रीवास्तव, जयप्रकाश अग्रहरि, बाबूलाल सोनी, भूतनाथ बरनवाल, इम्तियाज अहमद, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह श्रविश्, संदीप अग्रहरि, विनोद चौबे आदि रहे। समारोह को अनूप श्रीवास्तव, रमेश अग्रहरि, सर्वेश सिंह, गजेन्द्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश मिश्र आदि ने संबोधित किया। स्वागत तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल व संचालन श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने किया।



कादीपुर में व्यापारियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**▸▸ भामाशाह जयंती पर वरिष्ठ व्यापारियों का हुआ अभिनंदन**

# पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में चन्द्रप्रकाश वरनवाल निवासी मिश्रौली पखरौली, रामचन्दर निवासी छतौना तथा दिलीप सिंह उर्फ बब्लू सिंह निवासी वसंतपुर शामिल हैं। तीनों अभियुक्त कोतवाली देहात क्षेत्र के रहने वाले हैं और लंबे समय से फरार चल रहे थे। इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक मु. सादिक खान, अभिनव शंकर शुक्ला, फैय्याज अली, कांस्टेबल योगेश मिश्र व विजय यादव शामिल रहे।

# सीमांकन का पत्थर उखाड़ने व ईंट उठाने को लेकर 9 पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरा में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव बढ़ गया है। सीमांकन का पत्थर उखाड़ने और निजी नलकूप की ईंट उठाकर ले जाने के मामले में शनिवार को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कोहरा निवासी महादेव पांडे ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गाटा संख्या 45 की भूमि पर 31 मई 2025 को राजस्व विभाग ने पैमाइश कर सीमांकन कराते हुए पत्थर गाड़ा था। लेकिन शनिवार सुबह विपक्षी पक्ष के लोग एकजुट होकर सीमांकन का पत्थर उखाड़ ले गए और उनके निजी नलकूप से ईंट भी उठा ले गए। जब महादेव ने विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। महादेव की तहरीर पर रमेश राजभर, रमापति, लवकुश, विन्दू, सरोजा, निन्हकी, अतुल और अमर बहादुर यादव समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। भूमि विवाद के इस प्रकरण की गहनता से जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**▸▸ कोहरा गांव में भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी**

## सार-संक्षेप

### विधायक ने 4.90 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

सुलतानपुर, अमृत विचार : सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने रविवार को 4 .90 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को सौगात दी। बताते चलें कि मुइली स्थित पार्टी कार्यालय पर सदर विधायक प्रत्येक रविवार की तरह जनसुनवाई करते हुए लोगो की समस्याओं का समाधान किया। इसके बाद संयुक्त रूप से 4 .90 करोड़ की लागत से निर्मित विधान सभा के ओपन जिम व हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। जिसमें 17 ओपन जिम 90 हाईमास्ट लाइट शामिल हैं। पर्यावरण सरंक्षण को देखते हुए विधायक ने पौधारोपण भी किया। इस मौके पर कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, महामंत्री रत्नेश तिवारी, सीटू पांडेय, अवधेश पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गैंगस्टर अरविंद यादव पर लगा रासुका

सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस ने शातिर अपराधी अरविंद यादव उर्फ फौजी पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। यह कदम अगस्त 2024 में ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी के यहां सवा करोड़ रुपये की डकैती मामले में उठाया गया है। अरविंद यादव के खिलाफ सुलतानपुर, रायबरेली, आजमगढ़, जौनपुर और प्रतापगढ़ में 35 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। उस पर डकैती, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। डकैती कांड में अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, जबकि एसटीएफ ने दो बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया था। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### वन विभाग ने आरा मशीन संचालक पर दर्ज कराया केस

सुलतानपुर, अमृत विचार : उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ने गोसाईगंज थाने में तहरीर देकर अवैध रूप से आरा मशीन संचालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बिना अनुमति के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ईटकौली गांव में आरा मशीन का संचालन हो रहा था। जिसका संचालन रफीक व अफरोज कर रहे थे। जिसे पूर्व में वन विभाग द्वारा ध्वस्त करवा दिया गया था। मुखबिर खास से सूचना मिली कि फिर से आरा मशीन का संचालन किया जा रहा है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आरा मशीन तो नहीं मिली लेकिन उसका ढांचा मिला साथ संचालन भी रात में किया गया था। ढांचे को ध्वस्त करवा कार्यवाही की मांग की है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि रफीक व अफरोज के खिलाफ वन अधिनियम सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### अधिवक्ता परिषद की आउटरीच कार्यशाला सम्पन्न

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद अवध इकाई सुलतानपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, विवेकानंदनगर में आउटरीच आयाम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक हरि बोरिकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश राय, प्रदेश महामंत्री श्रीमती मीनाक्षी परिहार सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और वंदेमातरम् गीत से हुआ। स्वागत भाषण में सुल्तानपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला चार सत्रों में संचालित हुई, जिसमें 17 जनपदों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और आउटरीच आयाम पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सर्वेश कुमार मिश्र ने किया। अध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र दुबे ने समापन भाषण में सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

### भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

सुलतानपुर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक, डा .श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में जिले के 1991 बूथों फर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 123 वें एपिसोड को विभिन्न डिजिटल माध्यम से सुना और बूथों पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने नगर के बूथ संख्या 269 पलटन बाजार में बूथ अध्यक्ष शिवम रावत की अध्यक्षता में मन की बात सुनी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि और पौध रोपण किया। वहीं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।


सड़क पर गिरे नीम के पेड़ के कारण राहगीरों को हुई दिक्कत। अमृत विचार

### सड़क पर गिरा नीम का पेड़, दो घंटे तक ठप रहा यातायात

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार शाम हुई बारिश के दौरान करौंदीकला कस्बे में एक नीम का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से सड़क पर दोनों ओर से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को हटाया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

### भामाशाह जयंती पर गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को गोमती मित्र मंडल ने मां गोमती तट पर साप्ताहिक श्रमदान किया। सुबह 6 बजे से शुरू होकर 9 बजे तक चले इस कार्यक्रम में तपती धूप और पसीने की परवाह किए बिना साथियों ने घाट परिसर को पूरी तरह साफ कर डाला। इस अवसर पर गोमती मित्रों ने दानवीर भामाशाह की जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने भामाशाह के देश प्रेम और त्याग के प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए, जिससे गोमती मित्र भावुक हो उठे। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी, अजय प्रताप सिंह, विपिन सोनी, सुजीत कसौधन, अमित पांडा, अर्पित, यश, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में 1938 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

सुलतानपुर, अमृत विचार : जनपद में रविवार को 207वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला जिले के सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 149 चिकित्सकों और 263 पैरामेडिकल स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। मेले में कुल 1938 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया, जिनमें 900 पुरुष, 874 महिलाएं और 164 बच्चे शामिल रहे। इसके साथ ही मौके पर 28 गोल्डेन कार्ड भी बनाए गए।

### वज्रपात से भैंस की मौत

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार शाम बारिश के दौरान वज्रपात से कटघर पूरे चौहान निवासी बिंदू माली की भैंस झुलस कर मर गई। हादसे में पशुपालक को करीब 40 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने घटना की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बेलहरी सादात में तीसरी मोहर्रम की मजलिस संपन्न

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मोहर्रम की तीसरी मजलिस रविवार को बेलहरी सादात और चौधरी का पुरवा में अकीदत के साथ संपन्न हुई। मजलिस को आज़मगढ़ के माहुल से आए मौलाना सैयद मोहम्मद अस्करी और बाराबंकी से आए मौलाना सैयद जमा जैद्दी ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम कोई पर्व नहीं, बल्कि अत्याचार और आतंक के खिलाफ संघर्ष की याद है। इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अन्याय के विरुद्ध बलिदान देकर दुनिया को इंसाफ और हक़ का रास्ता दिखाया। मौलानाओं ने कहा कि आज भी आतंक फैलाने वाले उसी यज़ीदी सोच के वारिस हैं, जिनका मकसद सत्य के मार्ग पर चलने वालों को दबाना होता है। इस अवसर पर सैयद मजहर हुसैन सज्जू, आसिफ इकबाल, असगर अब्बास, जकी हैदर, मोहम्मद हाशिम शाह, एराफ हैदर, पप्पू मिश्रा, मेहंदी जाफरी, शकील अहमद खान, डॉ. कासिम और इस्तिखार हुसैन सहित कई अकीदतमंद मौजूद रहे।


मजलिस को संबोधित करते मौलाना जमा जैदी। अमृत विचार

**▸▸ मौलाना अस्करी और मौलाना जमा जैद्दी ने आतंकवाद के खिलाफ दिया कड़ा संदेश**

### इमाम हुसैन की कुर्बानी इंसानियत की मिसाल

सुलतानपुर : तीन मोहर्रम की मजलिस रविवार को हुसैनिया बादल खां में मौलाना आबिद फतेहपुरी ने पढ़ी। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने दुनिया को सिखाया कि जालिम के आगे सिर नहीं झुकाना चाहिए, चाहे सिर कटाना पड़े। मौलाना ने भाई और दोस्त के फर्क को बताते हुए कहा, "भाई सोना है, दोस्त हीरा, हीरे में दरार नहीं भरी जा सकती।" उन्होंने इंसान को खुदा को न भूलने और हमेशा हक़ व मजलूम के साथ रहने का संदेश दिया। जानकारी हैदर अब्बास खान, अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन ने दी।

**पेयरिंग नीति** | 30 जून को ग्रामस्तरीय बैठक में बनेगी अभिभावक-शिक्षक संवाद की रणनीति

# 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों पर विवाद

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित करने की 'पेयरिंग नीति' का जनपद में व्यापक विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय संयुक्त कार्य समिति की एक वर्चुअल बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें इस मुद्दे पर भावी रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता मंडलीय संगठन मंत्री एवं जनपदीय अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने की। बैठक में जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि पेयरिंग नीति को लेकर प्रदेश नेतृत्व को निरंतर आक्रोशपूर्ण संदेश मिल रहे हैं। अभिभावक बच्चों के भविष्य और पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। इस पृष्ठभूमि में शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने निर्देश जारी किया है कि 30 जून को सभी ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाए। बैठक में तय किया गया कि जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्ष 30 जून को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें करेंगे, जिसमें बच्चों की उपस्थिति, विद्यालय की दूरी, परिवहन की सुविधा, अभिभावकों की राय, और शैक्षिक माहौल जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके आधार पर एक ठोस प्रस्ताव तैयार कर उसे प्रांतीय नेतृत्व को भेजा जाएगा।

इस वर्चुअल बैठक में जनपद भर से शिक्षक संघ के पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव, दूबेपुर अध्यक्ष राम बहादुर मिश्र, भदैया से अंजनी शर्मा, कादीपुर से अनिल यादव, बल्दीराय से राज बख्श मौर्य, कुड़वार से निजाम खान, करौंदी कलां से अखिलेश सिंह, दोस्तपुर से गोमती मिश्र, मोतिगरपुर से अखिलेश उपाध्याय, लंभुआ से केदारनाथ दूबे, बल्दीराय मंत्री शिव नारायण वर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धीरेंद्र राव, बिमलेश कुमार, रवि यादव और हेमंत यादव आदि मौजूद रहे।



वर्चुवल मीटिंग में जुड़े शिक्षक नेता व अभिभावक।

# सरकारी दस्तावेजों के साथ पंचायत भवन का सामान जला

भदैंया, सुलतानपुर

**▸▸ दाऊदपट्टी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, उच्चाधिकारियों को भी दी गई सूचना**

**अमृत विचारः** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाऊदपट्टी में शनिवार की रात पंचायत भवन में आग लग गई। बताया गया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी, जिसमें भवन के भीतर रखा सरकारी सामान और आवश्यक पत्रावली जलकर राख हो गई।

घटना की जानकारी रविवार सुबह पंचायत सहायक प्रीति गौतम को मिली, जब वह भवन पहुंचीं तो उन्होंने कुर्सी, मेज, सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर समेत अन्य जरूरी सामान और कागजात जलते हुए देखे। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान अनीश और ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार को दी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने स्थानीय थाने में तहरीर दी और उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर आग बुझाने की कोशिश की जाती, तो नुकसान कम हो सकता था। मामले की जांच स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरौला विकासखंड बढ़नी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को देखा गया। भवन की स्थिति खराब थी। डाक्टर मौके पर उपस्थित थे। जिलाधिकारी को उपस्थित लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि डाक्टर रहते है लेकिन सुविधा नही है। 6-7 गांव की आबादी को इस स्वास्थ्य केन्द्र से लाभ मिलेगा। लगभग 08 वर्ष पूर्व बना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बढ़नी से फोन से बात कर निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माणाधीन विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, अहिरौला, विकासखण्ड बढ़नी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के भवन एवं छात्रावास को देखा गया। उक्त भवन का निर्माण मार्च 2024 में प्रारम्भ हुआ था। जिलाधिकारी द्वारा जिलधिकारी द्वारा निर्माण में टाइल लगाने हेतु प्रयोग किये जा रहे मसाला को चेक किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करायें। जिलाधिकारी द्वारा टाइलीकरण एवं अन्य अवशेष कार्यों को तीन माह में पूर्ण कराकर हैण्डओवर कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि काम में लापरवाही किसी कीमत पर सहन नहीं होगी।

# पहली बरसात ने ही खोलकर रख दी आदर्श नगरपालिका की पोल

## क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं नालियां, खोखला साबित हो रहा विकास कार्यों का दावा


बारिश के बीच गुजरते राहगीर। अमृत विचार


सरयू नहर के कटान से बढ़ी ग्रामीणों की चिंता। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नगरपालिका के विकास के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च करती है लेकिन धरातल पर विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहा नालियां टूट चुकी हैं सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। हम बात कर रहे हैं जनपद के आदर्श नगरपालिका बांसी की। जिसके विकास की पोल बरसात ने खोल दी है। जहां जनता के बीच नगरपालिका अध्यक्ष जाकर विकास के दावे कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ उसकी पोल खुलती नजर आ रही है।

आजाद नगर पावर हाउस के बगल सड़क पर जलजमाव है जल निकासी न होने से सैकड़ों से अधिक जनता प्रभावित हो रही है। स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्ग व नौकरी करने वाले इसी रास्ते से अपना सफर तय करते हैं जरा सी बरसात होने पर नाली के गंदे पानी और गंदगी सड़कों पर पूरी तरह पहने लगती है। गंदे पानी से प्रदूषण के साथ-साथ बीमारी फैलने की आशंका बढ गई है। आप को बता दें पूर्व में वार्ड के लोगों ने इसकी शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष चमन राईनी से लेकर उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय तक की लेकिन अभी तक इस समस्या का निदान नहीं हो सका। वर्तमान में इसकी हालत यह है कि सड़क से पानी की जल निकासी न होने की वजह से नगर वासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पावर हाउस के बगल आजाद नगर मोहल्ले मे नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा नाली निर्माण कार्य छोड़कर फरार हो गया है जिससे जल निकासी न होने की वजह से हल्की सी बरसात होने पर जलजमाव हो जाता है और निकलना मुश्किल हो गया है मोहल्ले वासी को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। प्रमोद पाण्डेय, विद्यानंद चौधरी, राम किशन निषाद, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, विनय भट्ट, घनस्याम भट्ट, अनिल भट्ट, अशोक विश्वकर्मा, विजय कुमार पांडे, गिरीश पाण्डे, सीमा श्रीवास्तव, रामकिशुन, जगदम्बा मिश्रा, जनार्दन यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, शीतला मिश्र, दिनेश तिवारी, शतीश चंद तिवारी, अशोक तिवारी, रविन्द्र भट्ट, दुर्गेश त्रिपाठी व मास्टर आदि ने समस्या के समाधान की मांग की है।

### सरयू नहर की मिट्टी कटान से ग्रामीण परेशान

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सरयू नहर के किनारे हो रही भीषण मिट्टी कटान से क्षेत्रीय लोगों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। नहर के किनारे किनारे की मिट्टी तेजी से कट रही है जिसमें नहर की पटरी और आसपास की संरचनाएं भी खतरे में हैं। कटाव की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोग जान जोखिम में डालकर नहर की पटरी से जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण अलीमूला, पुती लाल, हकीमुल्लाह, केसरे मास्टर, कन्हैया, झुग्गीलाल, रमजान, इदरीस, रिजवान, परमात्मा, आसाराम आदि का कहना है कि कटान की समस्या कोई नयी नहीं है लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात के मौसम यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबोधित विभागों को शिकायत दी लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। न तो कटाव रोकने के लिए कोई बांध बनाया गया और ना ही मिट्टी की भराई की गई। अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती तब तक यह इलाका असुरक्षित बना रहेगा। ग्रामीण में प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल प्रभाव से नहर किनारे हो रहे कटाव को रोका जाए और सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाए ताकि जान माल की हानि को टाला न जा सके।

### वज्रपात से किशोर की गयी जान

**कुशीनगर, अमृत विचार।** रविवार को हाटा कोतवाली क्षेत्र के महुई में दोपहर बाद बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर झुलस गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे के लगभग घर के बाहर तीन बच्चे खेल रहे थे इसी दौरान आकाशीय बिजली के चपेट मे आने से 15 वर्षीय अभिमन्यु पुत्र रमेश गम्भीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।


पीएम मोदी के मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड बर्डपुर के बूथ संख्या 62 पर पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुनी। मन की बात सुनने के उपरांत जिलाध्यक्ष ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं पीएम मोदी के आह्वान पर चल रहे देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के निमित्त पौधारोपण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा पीएम मोदी ने आज के संबोधन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक उपलब्धियों, भारत के ट्रेकोमा-मुक्त राष्ट्र बनने, सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति और आपातकाल की भयावह स्मृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित कर राष्ट्र को जागरूक किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बर्डपुर अमित उपाध्याय, वरिष्ठ नेता अरविंद उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, फूलचंद जायसवाल, मंडल महामंत्री विवेक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया जन आरोग्य मेले का निरीक्षण

संवाददाता कुशीनगर


निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अनुपम प्रकाश भास्कर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएमओ डॉ. अनुपम प्रकाश भाष्कर द्वारा रविवार को जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का पीएचसी परसौनी एवं लक्ष्मीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारी जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परसौनी पहुंचे तो वहां तैनात महिला चिकित्सक डॉ. प्रमिला गैरहाजिर मिलीं। वहीं फार्मासिस्ट कैलाश नाथ साहनी, एसएलए आशीष चौधरी आदि उपस्थित मिले। आरोग्य मेले में कोई भी चिकित्सक उपस्थित न होने पर सीएमओ ने प्रभारी चिकित्साधिकारी रामकोला को फटकार लगाते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। मेले में 16 रोगियों को उपचारित किया गया। सीएमओ ने स्टाफ से कहा आशाओं के माध्यम से गांव में मेले का प्रचार कराकर मरीजों की संख्या बढ़ाएं। इसके बाद वह पीएचसी लक्ष्मीगंज पहुंचे तो वहां चिकित्सक डॉ. संतोष नायक, एलटी तृप्ति सिंह, स्टाफ नर्स पूजा सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे। चिकित्सक द्वारा मेले में 32 रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें 16 के ब्लड नमूनों की जांच की गई। सीएमओ ने प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। एलटी ने बताया कि 156 जांच हुई एवं उसके रिकॉर्ड का सत्यापन भी हुआ।

# उत्पीड़न के मुद्दे पर मंत्रियों को घेरेंगे सपाई

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


जिला मुख्यालय पर जुटे सपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर शनिवार को हुए सपा के धरना-प्रदर्शन में इस बात के साफ संकेत मिले कि सामाजवादी पार्टी की जिला इकाई अब नागरिक उत्पीड़न के मुद्दे पर संघर्ष का मूड बना रही है। पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में एक बड़े संघर्ष की धमकी भी दे दी है।

सपाइयों के आंदोलन को समझाने के लिए शनिवार के धरना प्रदर्शन को समझना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में पहले गोरखपुर में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और नेता विधान परिषद लाल बिहारी के कार पर हुए हमले के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम तय था। लेकिन इस कार्यक्रम के ठीक पहले जिले की दो घटनाओं को भी जोड़ कर प्रदर्शन के ज्ञापन को एक से तीन सूत्रीय बना दिया गया। जिसमें इटवा थाना क्षेत्र के बदलिया में फागू शाह की मजार को समाधिस्थल में रूपानतंरित करने का षडयंत्र का आरोप लगाया गया। साथ ही इटावा कांड को लेकर विवाद के दौरान दो पिछड़ों को पीटे जाने के मामले में पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर प्रहार किया गया। सपाइयों ने आरोप लगाया कि जिले में दलतों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है और प्रशासन खास कर पुलिस प्रशासन ऐसी घटनाओं में इन वर्गों के प्रति उपेक्षा बरत रहा है।

प्रदर्शन के दौरान लगभग सभी वक्ताओं के भाषण में यह तीनों मुद्दे जरूर उठाये जाते रहे और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन से रोकने अथवा आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनियां दी जाती रहीं। जिसें बाद पत्रकारों के सवाल जवाब के दौरान सपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने इसकी पुष्टि भी कर दी। लालजी ने साफ कहा कि जिले में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न किया जा रहा।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकटा स्थित नहर के साइफन के पास एक अज्ञात युवक का पानी में उतराता शव दिखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। रविवार को दस बजे के करीब बनकटा बड़ी नहर में साइफन पुल के उत्तर तरफ 30 वर्षीय युवक का नहर में उतराता शव दिखा। वह लाल रंग का बनियान व काला कच्छा पहने हुए था। इस संबंध मे थाना प्रभारी कप्तानगंज चन्द्रभूषण प्रजापति ने बताया पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव बहकर आया प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर बनेगी मरीजों की आभा आईडी

## तैयारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


जिला अस्पताल में आभा आईडी के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज की तरह सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आभा आईडी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसके बन जाने से इलाज में सहूलियत मिलेगी। क्योंकि इस आईडी में बीमार व्यक्ति के इलाज का पूरा ब्यौरा अपडेट रहेगा। इसमें चलने वाली दवाओं के साथ जांच और बीमारी की हिस्ट्री रहेगी, जिससे अन्य बड़े संस्थानों में या कुछ साल बाद बीमारी उभरती है तो इसके नंबर के जरिये पूरी जानकारी मिल जाएगी। अभी तक यह केवल मेडिकल कॉलेज तक सुविधा थी।

आभा आईडी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तक अकाउंट बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह ऐसी आईडी है जिसमें मरीज के प्राथमिक इलाज से लेकर जांच और देखने वाले डॉक्टर की हिस्ट्री, कब-कब क्या-क्या इलाज हुआ, कौन जांच हुई, सब कुछ दर्ज रहेगा। वह भी ऑनलाइन। अगर आपके पास पर्चा और रिपोर्ट नहीं है तो उसी 14 अंक वाले नंबर को बताएंगे। तत्काल पूरा डाटा सामने आ जाएगा। पहले यह सुविधा मेडिकल कॉलेज में शुरू की गई थी, लेकिन अब सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शुरू की गई है।

**सीएमओ ने कहा**

इस बारे में सीएमओ डा. रजत चौरसिया ने बताया कि आभा आईडी सभी के लिए जरूरी है। सभी सरकारी अस्पताल पर सुविधा है। सीएचसी और पीएचसी पर निर्देशित किया गया है। काउंटर लगाकर बनाया जा रहा है। इसका लाभ नागरिकों को जरूर लेना चाहिए।

अब आभा आईडी में एक-एक इंजेक्शन, दवा इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम और समय तक दर्ज होगा। ऐसे में अगर कोई आरोप लगाता है कि इलाज में लापरवाही हुई है और गलत दवा और इंजेक्शन लगाया गया है तो आईडी के जरिये उसे देखा जा सकेगा। आभा आईडी बनने से मरीजों को इसका पूरा-पूरा लाभ मिलेगा।

# 16 दुकानों की सैंपलिंग से मुख्यालय पर हड़कंप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के लिए शनिवार को सहायक आयुक्त खाद्य आरएल यादव के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापा मारकर कुल 16 दुकानों की सैंपलिंग की। इससे नगर के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार सैंपलिंग के डर से दुकानें बंदकर भाग निकले। राप्ती नगर बांसी, भीमापार, तेतरी बाजार, सनई चौराहा, कलक्ट्रेट गेट एवं मधुकरपुर व नौगढ़ में छापा मारा। इस दौरान 16 नमूने क्रमशः सरसों तेल के दो, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के पाचं, पॉमोलिन ऑयल का एक, मूंगफली तेल का एक, यूज्ड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के छह एवं कॉफी का एक नमूना संग्रहीत किया। जांच अधिकारी ने रविवार को बताया कि नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने, मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं पिसे खुले मसालों की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए। टीम में नरेंद्र प्रताप सिंह, जय प्रकाश, हीरालाल तथा नीरज कुमार चौधरी आदि शामिल रहे।

### करंट लगने से लाइन मैन की मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कसया तहसील के ग्राम सभा कुड़वा दिलीपनगर के फुलवापट्टी में रविवार को फाल्ट ठीक कर रहे एक प्राइवेट लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा किया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब परिजन शव के पीएम के लिए तैयार हुए। धुरिया निवासी 35 वर्षीय अमित तिवारी लाइनमैन का कार्य करते थे। काम के दौरान विद्युत आपूर्ति होने से दुर्घटना हुई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। दो दिन में राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 30 जून को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार एक जुलाई की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि एक जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु पहले दिन एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, एम्स और गोरखनाथ मंदिर आने-जाने में 37 किमी की दूरी सड़क मार्ग से पूरी करेंगी। जबकि अगले दिन सर्किट हाउस, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि पिपरी भटहट, गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विवि आरोग्यधाम सोनबरसा और एयरपोर्ट तक आवागमन में कुल 92 किमी सड़क मार्ग से यात्रा करेंगी। द्रोपदी मुर्मु ऐसी पहली राष्ट्रपति होंगी जो गोरखपुर में इतनी लंबी सड़क यात्रा करने जा रही हैं। राष्ट्रपति के आयुष विवि और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और दोनों स्थानों तक के रूट का जायजा सीएम ले चुके हैं।

# चिकित्सा सेवा का ड्रीम डेस्टिनेशन है एम्स गोरखपुर

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** एम्स गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित बिहार और नेपाल तक के सीमाई इलाके में रहने वाले लोगों के लिए चिकित्सा सेवा का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। एम्स गोरखपुर सांसद के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में एम्स के लिए हुए बड़े आंदोलन का प्रतिफल है।

प्रधानमंत्री मोदी के हाथों शिलान्यासित और लोकार्पित एम्स गोरखपुर सोमवार 30 जून को अपना पहला दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है जिसमें देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रपति एम्स गोरखपुर के पहले बैच के मेधावियों को पदक प्रदान कर मार्गदर्शक वक्तव्य देंगी। गोरखपुर में एम्स लाने और पूर्वी उत्तर प्रदेश को मेडिकल हब बनाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। गोरखपुर में एम्स की स्थापना की मांग करीब डेढ़ दशक तक चली। इसे लेकर 2004 से तत्समय सांसद योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लंबा जनांदोलन चला था। योगी ने सड़क से लेकर सदन तक पूर्वी उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती के लिए हमेशा आवाज बुलंद की। एम्स को लेकर उनकी मुखरता ही थी कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उनके जरिये पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कर ली गई। प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के बाद 22 जुलाई 2016 को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत इसका शिलान्यास किया था। इस बीच मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके निर्माण की सारी बाधाएं एक झटके में दूर हो गईं। इन बाधाओं के दूर होने का ही परिणाम रहा कि लोकार्पण से पहले ही 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एम्स की ओपीडी का शुभारंभ कर दिया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद पीएम मोदी ने ही 7 दिसंबर 2021 को इसका लोकार्पण कर पूर्वी उत्तर प्रदेश में चिकित्सा सेवा की शुरुआत का नया अध्याय लिखा था। इन चार सालों में एम्स गोरखपुर की ख्याति पूर्वी उत्तर प्रदेश, सीमावर्ती बिहार और नेपाल की करीब पांच करोड़ आबादी के लिए संजीवनी सी बन रही है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### कुशीनगर में हत्या व संपत्ति हड़पने की साजिश का खुलासा

**कुशीनगर, अमृत विचार।** बीते छह जून को कोतवाली हाटा के सुकरौली मझला नाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसकी पीएम रिपोर्ट के आधार पर केस पंजीकृत किया गया। शव की शिनाख्त व घटना के अनावरण के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने तीन पुलिस टीमों का गठन किया था। जिसके क्रम में शव का पहचान इंद्र कुमार तिवारी थाना मझौली जबलपुर मप्र के रूप में हुई। टीम ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में साहिबा बानो उर्फ खुशी तिवारी ने बताया कि उसका असली नाम साहिबा बानो पुत्री अनवर अली है। उसने यह घटना कारित करने के लिए अपना धर्म व पहचान बदलकर खुशी तिवारी नाम का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था। उसके साथ कौशल कुमार व समसुद्दीन अंसारी भी शामिल थे। कौशल से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क हुआ था। जिसके साथ प्रेम विवाह करके दोनों गोरखपुर में रहने लगे। एक दिन सोशल मीडिया पर इंद्र कुमार तिवारी उम्र 45 वर्ष का कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के वायरल वीडियो में देखा जिसमें वह शादी न होने की व्यथा बता रहा था और अपनी 18 एकड़ जमीन का जिक्र किया। साहिबा बानो ने कौशल कुमार के साथ मिलकर योजना बनाई कि इंद्र कुमार तिवारी से फर्जी शादी कर उसकी संपत्ति हड़प ली।

## सार-संक्षेप

### भूगोल विभागों में विकास को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** रतन सेन डिग्री कॉलेज बांसी व एएनडी किसान पीजी कॉलेज बभनान गोंडा के भूगोल विभागों के बीच शनिवार को मेमोरेंडम आफ अंडर स्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इसका लाभ अध्ययनरत बच्चों को मिलेगा। रतन सेन डिग्री कॉलेज बांसी के भूगोल विभाग और एएनडी किसान पीजी कॉलेज बभनान के भूगोल विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण सहमति-पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। यह सहमति पत्र शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान सहयोग और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस सहमति पत्र पर रतन सेन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह और एएनडी किसान पीजी कॉलेज बभनान के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थानों के भूगोल विभाग आपस में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन, शैक्षणिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा।

### 64 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाएगा रेलवे

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यात्रियों की बढती मांग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 64 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 994 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 50 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 690 फरों में चलाई जा रही हैं अर्थात पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर कुल 114 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 1,684 फेरों में चलाई जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रीगण अपनी यात्रा को सुगम बना सकते हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं. से 10, छपरा जं. से 10, बनारस से 06, लखनऊ जं. से 02, गोमती नगर से 02, ऐशबाग से 02, बढ़नी से 02, मऊ से 12, गाजीपुर सिटी से 04, वाराणसी सिटी से 02, बलिया से 02 तथा उत्तराखंड के स्टेशनों जैसे लालकुआँ से 10 एवं काठगोदाम से 02 सहित कुल 64 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग के दृष्टिगत विभिन्न स्टेशनों के लिये विशेष ट्रेनें चलाये जाने का क्रम जारी है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस का विस्तार प्रयागराज जं. से/तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 02 जुलाई, 2025 से प्रयागराज जं. से चलाई जायेगी तथा गाड़ी संख्या 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस 30 जून, 2025 से प्रयागराज जं. तक चलाई जायेगी। 12538 प्रयागराज जं.-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 02 जुलाई, 2025 से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को प्रयागराज जं. से 04.45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज रामबाग से 05.10 बजे तथा अन्य स्टेशनों पर पूर्ववत समयानुसार होते हुये मुजफ्फरपुर 18.10 बजे पहुँचेगी।12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज जं. एक्सप्रेस 30 जून, 2025 से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को मुजफ्फरपुर से 19.30 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशनों पर पूर्ववत समयानुसार होते हुये दूसरे दिन प्रयागराज रामबाग से 08.30 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 08.55 बजे पहुँचेगी। इसके अतिरिक्त 01 सितम्बर, 2025 से गाड़ी संख्या 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित गाड़ी संख्या 14112 प्रयागराज जं.-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के रूप में चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## चुनाव से पहले पटना जाम



पटना के जेपी गंगा पथ पर रविवार को हजारों वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले यह जाम पटना में इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ वक्फ बचाओ रैली की वजह से लगा था। इस रैली में गठबंधन के कई दलों ने हिस्सा लिया। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ भी उमड़ी। एजेंसी

# मौत का सौदा भी हैं एंटी एजिंग दवाएं

दो दिन पहले 'कांटा लगा' फेम गर्ल शेफाली जरीवाला की सिर्फ 42 की उम्र में अचानक मौत के लिए एंटी एजिंग दवाओं को कारण माना जा रहा है। दरअसल, स्वास्थ्य से जुड़े कई जोखिमों के बावजूद सेलिब्रिटीज और संपन्न लोगों में एंटी एजिंग दवाओं का उपयोग बेहद आम हो चुका है। यही वजह है कि पूरी दुनिया के साथ भारत में भी एंटी एजिंग दवाओं और सप्लीमेंट्स का बाजार तेजी से उभर रहा है। एंटी-एजिंग दवाएं असल में ऐसी दवाएं, हार्मोन या सप्लीमेंट्स होते हैं जो उम्र के असर को धीमा करने, त्वचा को जवान बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक क्षमता को बनाए रखने का दावा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में एंटी-एजिंग और एस्थेटिक मेडिसिन से जुड़े कई क्लीनिक और हॉस्पिटल तेजी से बढ़े हैं जो आधुनिक तकनीकों के साथ हार्मोन थेरेपी, स्किन रीजुवेनेशन और एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स की सेवाएं प्रदान करते हैं।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

चूहों पर एंटी एजिंग दवाओं का प्रयोग कुछ हद तक सकारात्मक रहा है और उनकी उम्र लंबी हुई है। मानव पर इसका परीक्षण बेहद सीमित है, कोई निष्कर्ष भी सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं इस मामले में सावधानी अपनाने की सलाह देती हैं।



### मौत की घटनाएं

यूएस, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे कुछ देशों में मौत की घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। कुछ मामलों में दवाओं में अनएप्रूव्ड कंपाउंड्स पाए गए तो कुछ मौत इन दवाओं की ओवरडोज से हुई। भारत में इन दवाओं के दुष्प्रभावों की घटनाएं कम ही रिपोर्ट हुई हैं। हालांकि स्किन लिफ्ट या हार्मोनल थेरेपी के बाद एलर्जी और दिल के रोगों की शिकायतें दर्ज हुई हैं।

### दुनिया भर में जवां रहने की चाहत

एंटी एजिंग दवाओं का बाजार दुनिया भर में हैं। अमेरिका में ये दवाएं बेहद प्रचलित हैं जहां 40 पार के लोग आम तौर पर इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद को फिट दिखाना चाहते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश न सिर्फ एंटी एजिंग उत्पादों में अग्रणी हैं बल्कि यहां इन दवाओं की युवाओं तक में खपत है। यूरोप में उच्च आय वर्ग इन दवाओं का मुरीद है। भारत में यह बाजार मध्यम स्तर का है। एंटी एजिंग दवाओं की खपत शहरी क्षेत्रों में ही है और 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग के लोग इसके दायरे में हैं।

### 68 बिलियन डॉलर का बाजार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एंटी एजिंग दवाओं का बाजार फिलहाल 68 बिलियन डॉलर का है जिसके सन् 2029 तक 93 से 120 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में यह मार्केट अनुमानित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये का है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 9 से 11 प्रतिशत है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के मेट्रो शहरों में एंटी-एजिंग क्लीनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बायोटेक स्टार्टअप्स और हिमालया व पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक कंपनियां भी इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

### जोखिम उठाने को तैयार लोग

एंटी एजिंग दवाएं और हार्मोन का लंबी अवधि तक उपयोग खतरनाक हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह के लिए इनका उपयोग जोखिम और बढ़ा देता है। अपच, दिल की धड़कन अनियमित होना, चेहरे पर सूजन, हार्मोनल असंतुलन और विटामिन बी 12 की कमी इनके सामान्य जोखिम हैं लेकिन इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ना, संक्रमण का खतरा, कैंसर का जोखिम और दिल की बीमारियां इनके घातक दुष्परिणाम होते हैं। हालांकि लोग फिर भी ये जोखिम उठाते हैं।

## एक नजर

### इटली में तकनीकी खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कई शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुई। इसके कारण मिलान, बर्गामो, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गईं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। तकनीशियन अभी भी हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान: बम विस्फोट में दो की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबाड़ गोदाम में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रांत के निचले दीर जिले में शनिवार शाम कबाड़ गोदाम में पुराने विस्फोटकों से यह हादसा हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और पांच घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

### टेक्सास: सात वाहनों में टक्कर, पांच की जान गई

**ह्यूस्टन।** उत्तरी टेक्सास में टेरेल के पास सात वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यह दुर्घटनाएं तब हुई जब एक ट्रक-ट्रैक्टर चालक को नींद आ गई औरवह एक अन्य वाहन से टकरा गया, जिसमें पांच लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि ट्रक-ट्रैक्टर ने दो अन्य वाहनों से टकराने के बाद तीन अन्य कारों को भी टक्कर मार दी। टेरेल वालंटियर अग्निशमन विभाग ने कहा कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल बहुमत से पारित

## दो रिपब्लिक सांसदों ने डेमोक्रेट्स के साथ किया विरोध, ट्रंप ने बिल पास होने को बताया एक बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को 51-49 के बहुमत से पारित कर दिया है। इसे आगामी चार जुलाई की छुट्टी से पहले पारित होने पर एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

सीनेट में शनिवार देर रात 940 पन्नों का यह विशाल विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हो गया। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दो रिपब्लिक सांसदों ने आश्चर्यजनक रूप से डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस विधेयक का विरोध किया। मतदान के बाद अब इस कानून पर औपचारिक बहस शुरू हो गई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, फिजूलखर्ची को कम करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, सेना/सैन्यकर्मियों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने सदन और सीनेट रिपब्लिकन से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि यह निर्धारित चार जुलाई की समय सीमा तक उनके डेस्क पर हस्ताक्षर के लिए आ जाए। यह वही विवादास्पद विधेयक है, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच सार्वजनिक रूप से मतभेद पैदा हो गए थे। यह कानून ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थाई बना देगा, टिप्स और ओवरटाइम पर कर को समाप्त करेगा, सीमा सुरक्षा निधि को बढ़ावा देगा और बिडेन प्रशासन के दौरान पारित ग्रीन-एनर्जी टैक्स क्रेडिट को समाप्त कर देगा।

इस विधेयक का उद्देश्य ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाना, रक्षा और सीमा सुरक्षा पर खर्च को बढ़ावा देना और कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन में कटौती करना शामिल है। डेमोक्रेटिक सीनेट नेता चक शूमर ने इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने के लिए रिपब्लिकन की आलोचना की। प्रतिनिधि सभा ने मई में इस विधेयक के एक संस्करण को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यदि सीनेट इसे पारित कर देती है,तो अंतिम अनुमोदन के लिए यह बार फिर सदन में आएगा और अंत में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद यह बिल देश में लागू हो जाएगा।



### ट्रंप के नए आर्थिक एजेंडे का आधार है ये बिल

यह विधेयक ट्रंप के आर्थिक एजेंडे का आधार है, जिसका उद्देश्य कर कटौती को मजबूत करना और रक्षा तथा सीमा व्यय को बढ़ावा देना है। इसके पारित होने से अमेरिकी राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कर दरों और स्लैब को स्थायी बना दिया जाएगा। इसमें डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी वादों के अनुरूप कई अस्थायी कर छूटों की भी पेशकश की गई है, जैसे टिप्स , ओवरटाइम वेतन और कुछ मोटर वाहन ऋणों पर करों को समाप्त करना। इसके अतिरिक्त, 75,000 डॉलर या उससे कम वार्षिक आय वाले वृद्धों के लिए 6,000 डॉलर की नई कटौती शामिल है। इसमें पेंटागन के लिए जहाज निर्माण, युद्ध सामग्री प्रणालियों, तथा सैन्यकर्मियों के लिए जीवन की गुणवत्ता के उपायों के लिए अरबों डॉलर उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कानून बनने के बाद यह गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के विकास के लिए 25 अरब डॉलर उपलब्ध कराएगा। रक्षा विभाग के पास सीमा सुरक्षा के लिए 1 बिलियन डॉलर होंगे।

### मस्क ने फिर साधा ट्रंप पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां और उद्योग

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताई है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक राष्ट्रपति ट्रंप की कर योजना की एक बार फिर आलोचना करते हुए विधेयक को 'पूरी तरह से पागलपनपूर्ण और विनाशकारी' कहा। अरबपति उद्योगपति ने कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक "रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या" होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।



# रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला

- अलग-अलग इलाकों पर दागे 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें

**कीव, एजेंसी**

रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक, इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि यह हमला फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

सेना के मुताबिक, इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे। खेरसॉन क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चेर्कासी के गवर्नर इहोर टैबुरेट्स के अनुसार, चेर्कासी में एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। सुदूर पश्चिमी लविवि क्षेत्र के ड्रोहोबिच शहर में ड्रोन हमले के बाद एक औद्योगिक केंद्र में भीषण आग लग गई, जिससे शहर के कुछ हिस्सों की बिजली भी कट गई।

### यूक्रेन का एफ-16 विमान गिरा, पायलट की मौत

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि उसका एफ-16 युद्धक विमान दुश्मन के दागे गए ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराते समय क्षतिग्रस्त होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि विमान के पायलट की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन के तीन ड्रोन को मार गिराया। पश्चिमी रूस के ब्रायंस्क शहर पर यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में दो लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने रविवार सुबह बताया कि क्षेत्र में यूक्रेन के सात ड्रोन को मार गिराया गया।

# ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान

- राष्ट्रपति ने कहा, अगले सप्ताह हो सकता है युद्धविराम

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। उन्होंने एक ऐसे समझौते का आह्वान किया, जो 20 महीने से जारी युद्ध को रोक देगा।

इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को समझौते की उम्मीदें बढ़ाते हुए कहा था कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इस मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का कमांडर

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गए हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गई।

# अफगानिस्तान ने भारत के हमलों के लिए अपने क्षेत्र के इस्तेमाल का पाकिस्तानी दावा नकारा

- पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने लगाया था आरोप, अफगान सरकार ने बताया गलत

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ़ कार्रवाई करने के लिए भारत अफगानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है। टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने ज़ोर देकर कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ़ कोई कार्रवाई या अभियान चलाने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है। फितरत ने कहा, फिलहाल, किसी को कोई खतरा नहीं है और एक पक्ष को दूसरे के खिलाफ बढ़ावा दिए जाने संबंधी चिंताएं निराधार हैं। इस्लामिक अमीरात अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है और खासकर पड़ोसी देशों के खिलाफ़, असुरक्षा पैदा करने के लिए अफ़गान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देता है।

# अमेरिका में निर्वासन अभियान के तहत दशकों से रह रहे तमाम ईरानी नागरिक गिरफ्तार

- गृह मंत्रालय ने साफ नहीं की कुल गिरफ्तारियों की संख्या, अभी और लोगों के पकड़े जाने की आशंका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका में दशकों से रह रहे कई ईरानी नागरिकों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े आव्रजन नीति के तहत गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के गृह विभाग ने यह नहीं बताया कि उन्होंने ऐसे कितने ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है लेकिन ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद आशंका है कि इस तरह की और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

मंडोना 'डोना' काशानियन अमेरिका में पिछले 47 साल से रह रही थीं और उन्होंने एक अमेरिकी नागरिक से शादी की थी, जिनकी एक बेटी भी है। उनके परिवार ने बताया कि काशानियन न्यू ऑरलियंस स्थित अपने घर के आंगन में बागवानी कर रही थीं, तभी अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी उन्हें हथकड़ी लगाकर अपने साथ ले गए। काशानियन छात्र वीजा पर 1978 में अमेरिका आई थीं और उन्होंने यहा शरण के लिए आवेदन किया था। उनके पति और बेटी ने कहा कि उन्हें नियमित रूप से आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश होने की शर्त पर अपने पति और बच्चे के साथ रहने की अनुमति दी गई थी।

परिवार ने बताया कि काशानियन ने नियमित रूप से इन नियमों का पालन किया और चक्रवाती तूफान कटरीना के दौरान भी वह साउथ कैरोलाइना में आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश हुई थीं। परिवार ने बताया कि अब काशानियन को बेसिल में आव्रजन निरुद्ध केंद्र में रखा गया है और उनके परिवार के सदस्य उनके बारे में सूचना पाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में दशकों तक रहने के बाद अन्य ईरानी भी आव्रजन अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

### एविन जेल पर इजराइली हमले में मारे गए थे 71 लोग

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका ने रविवार को कहा कि तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर गत सोमवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'मिजान' की वेबसाइट पर रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं। हालांकि उन्होंने इनकी अलग-अलग संख्या नहीं बताई। न्यायपालिका के इस दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती। इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम प्रभावी होने से एक दिन पहले 23 जून को हुए हमले में जेल की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जहांगीर ने बताया कि घायलों में से कुछ का मौके पर ही इलाज किया गया, जबकि अन्य को अस्पताल ले जाया गया।

# विमान हादसा: आखिरी मृतक का किया गया अंतिम संस्कार

**भुज, एजेंसी**



- डीएनए जांच के जरिए की गई थी पहचान, दो बार की गई थी जांच

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए भयावह विमान हादसे में जान गंवाने वाले अनिल खिमानी की डीएनए जांच के जरिए पहचान होने के बाद कच्छ जिले में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अनिल, विमान हादसे के बाद डीएनए जांच से पहचान किए जाने वाले अंतिम मृतक थे।

दो सप्ताह के इंतजार और परेशानी के बाद परिवार को राहत मिली। इस दौरान परिवार को दो बार नमूने जमा करने पड़े। पेशे से राजमिस्त्री और दो नाबालिग बेटियों के पिता 35 वर्षीय अनिल अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए एअर इंडिया की उड़ान संख्या 171 से लंदन जा रहे थे। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान मेघाणीनगर में मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

अनिल के पिता लालजीभाई को शुक्रवार शाम को अहमदाबाद सिविल अस्पताल से फोन आया और उन्हें अनिल के शव की पहचान होने की जानकारी दी गयी। अस्पताल डीएनए जांच और पहचान प्रक्रिया की जिम्मेदारी निभा रहा है। लालजीभाई ने कहा, हम शव को पैतृक गांव दहिसरा (भुज शहर के पास) ले आए और शनिवार को अपने सभी रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया।

# जापान ने एच2ए रॉकेट का अंतिम बार किया प्रक्षेपण

**टोक्यो।** जापान के एच2ए रॉकेट का 50वां और अंतिम सफल प्रक्षेपण आज तड़के किया गया , जिससे इसकी 20 साल से अधिक की सेवा प्रदाता यात्रा समाप्त हो गई। यह प्रक्षेपण कागोशिमा प्रांत के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से निर्धारित समय पर किया गया।

अंतिम मिशन में 'इबुकी-जीडब्ल्यू' सैटेलाइट भेजा गया जिसे जापान के पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय पर्यावरण अध्ययन संस्थान और अंतरिक्ष एजेंसी ने मिलकर विकसित किया है। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष से ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी करेगा। उल्लेखनीय है कि 2001 की शुरुआत के बाद से एच2ए रॉकेट ने जापान की अंतरिक्ष और वैज्ञानिक प्रगति में अहम भूमिका निभायी और तथा अनेक उपग्रह को कक्षाओं में भेजा।

**चिंताजनक** — एचपीवी संक्रमण बन रहा है सर्वाइकल, ओरल और ऑरोफरीजियल कैंसर की वजह

# मस्सों के संक्रमण से भारतीय युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के केस

- दशकों में विकसित होने वाले दूसरे कैंसरों के उलट चुपचाप और तेजी से बढ़ता है ये कैंसर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल कदम न उठाने पर भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा।



नई दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और जागरूकता से पूरी तरह टाला जा सकता था। डॉ. गुप्ता ने कहा, सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, लेकिन लोगों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है। दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी संबंधी कैंसर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच से रोकथाम को किसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान तत्परता से लिया जाना चाहिए।

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम गर्ग ने कहा, एचपीवी संबंधी कैंसर के लक्षण शुरू में बहुत अधिक नहीं दिखते, इसलिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। बिना किसी लक्षण वाली कम उम्र की महिला के गर्भाशय ग्रीवा में पहले से ही कैंसर की कोशिकाएं मौजूद रह सकती हैं। इसी तरह, पुरुषों में मुख के एचपीवी संक्रमण पर अक्सर तब तक किसी का ध्यान नहीं जाता जब तक कि वे पूर्ण विकसित ट्यूमर के रूप में सामने नहीं आते। शिक्षा, टीकाकरण और नियमित जांच के बिना हम रोकथाम योग्य कैंसर को अनियंत्रित रूप से फैलने दे रहे हैं। वर्तमान में भारत में किशोरों के लिए कोई राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम नहीं है, हालांकि टीके स्वीकृत हैं और निजी संस्थानों में उपलब्ध हैं।

### त्वचा से त्वचा के संपर्क में आकर फैलता है ये वायरस

डॉ. गुप्ता ने कहा, यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है। शरीर स्वत: अधिकतर एचपीवी संक्रमणों को साफ कर देता है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले स्ट्रेन बने रह सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में, यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, जबकि पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से यह अब मुख, गुदा और गले के कैंसर से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञ भारत में एचपीवी से संबंधी चर्चाओं को लेकर जागरूकता की कमी और सामाजिक लोक लाज को लेकर अधिक चिंतित हैं।